
मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
संवत 2081, आश्विन कृष्ण 15 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 28 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ महात्मा गांधी की जीवन दृष्टि
तृप्ति डिमरी का कमर हिलाना लोगों को नहीं आया पसंद ◀◀ 6



# वोट के लिए घूम रहे हैं विरोधी: हेमंत सोरेन

मेट्रो रेज



**रांची/बोकारो:** झारखंड सरकार स्वास्थ्य संरचना को बेहतर बना रही है। बोकारो में 100 सीट वाले मेडिकल कॉलेज और 500 बेड वाले अस्पताल की योजना बनायी गयी है। तेनुघाट में 50 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया जाएगा। हजारीबाग के ऐतिहासिक झील का पुनरूद्धार होगा। बोकारो के चंदनकियारी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में राज्य निधि से निर्मित नगर निगम भवन का उद्घाटन करते हुए कई योजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान सीएम ने फूलों की पंखुड़ियां उड़ेलकर लोगों का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम में आए आम लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि भाजपा ने 20 वर्षों में यहां के अधिकारियों की चमड़ी मोटी कर दी थी। हमलोगों ने चाबुक लगाया है। अब यही अधिकारी गांव-गांव और टोला-टोला जाकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोयला कंपनियों पर 1.136 लाख करोड़ रु। बकाया है। हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय एक नारा चला था 'कैसे लेंगे झारखंड, लड़कर लेंगे झारखंड'। उसी तरह हम लड़कर लेंगे अधिकार।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दो-तीन माह बाद चुनाव होने वाला है। हम लोग आपकी सेवा में लगे हैं और हमारे कुछ विरोधी लोग गांव-देहात में वोट बटोरने के लिए हेलीकॉप्टर से इधर उधर घूम रहे हैं। ध्यान रखिएगा, ये हमारे विरोधी कुछ आदिवासी-मूलवासी को पॉकेट में रखकर हमलोग के बीच एजेंट बनाकर भेज रहे हैं। हमारी राजनीतिक ताकत को कमजोर करना चाहते हैं। एक समय था जब यहां की फैक्ट्रियों में आदिवासी-मूलवासी की हजारों की संख्या में बहाली होती थी। अब ऐसा नहीं होता। अब सिर्फ पूंजीपतियों का उद्धार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष लगातार झूठा आरोप लगाता रहा। पांच माह तक जेल में डाल दिया। राजनीतिक रूप से नहीं लड़ सकते तो ईडी, सीबीआई को लगा देते हैं। विपक्ष के लोग सिर्फ व्यापारी मित्रों को मदद पहुंचाने के लिए सत्ता में आना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज करीब 50 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। झारखंड पूरे देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जहां के बुजुर्गों को राज्य सरकार पेंशन देती है। छात्रों को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ दिया जा रहा है। यहां के बच्चों को विदेशों में पढ़ाई के लिए भेजा जा रहा है। यहां मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। सीएम ने सुनने आए लोगों से पूछा 'आपको अच्छा लगा सरकार का काम ? आपका आशीर्वाद हमपर रहेगा ना'। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक लंबोदर महतो मौजूद थे।

बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के चंडीपुर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग जिले से संबंधित 1240 करोड़ 57 लाख की 50 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास। जिसमें 36 करोड़ 46 लाख रुपये की योजनाओं का उद्घाटन एवं 1204 करोड़ 11 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

**उद्घाटन - शिलान्यास** कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोकारो जिला अंतर्गत 500 शैय्या वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ललपनिया में 50 मेगावाट का सोलर पावर स्टेशन का शिलान्यास। रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू में रेल ओवर ब्रिज का शिलान्यास के अलावा हजारीबाग जिला अंतर्गत नगर निगम भवन एवं 5000 मिलियन टम (क्षमता) कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन और झील का सौदर्यीकरण शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिल्ली में पूजा के नाम पर जबरन चंदा वसूली

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र में कई एक जगह रात को सड़कों में चलने वालों वाहनों से पूजा के नाम पर जबरन चंदा वसूली की जा रही है। सूत्रों का माने तो चंदा वसूली में कुछ तथाकथित लोग हैं जिनके इशारे में युवा पीढ़ी जीजान लुटा कर चंदा वसूली कर रहे है कुछ नौजवान धार्मिक कार्यक्रमों के बहाने जबरन चंदा वसूली को ही रोजगार मान रहे हैं।

### मांडर में बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**मांडर :** संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों ने मंगलवार को मांडर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत छात्रों ने मांडर मिशन से लेकर मांडर प्रखंड कार्यालय तक पद यात्रा निकाली। इस दौरान छात्रों ने ₹से नो टू प्लास्टिक₹ का नारा बुलंद करते हुए लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूक किया। पद यात्रा के दौरान छात्रों ने स्वच्छता से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुँचाई और प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले मृदा प्रदूषण के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि किस तरह प्लास्टिक का अधिक इस्तेमाल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहा है और इसके दुष्परिणामों से बचने के लिए प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा, छात्रों ने मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को दिखाया गया। इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और प्लास्टिक के विकल्पों के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में स्कूल की प्रधान अध्यापिका अलेक्सीया बेक, शिक्षक बोनीफस एक्का, माया भगत, अनुज खोया, और क्रांति मथानी सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और इस प्रकार के अभियानों को समाज के लिए जरूरी बताया। छात्रों द्वारा चलाए गए इस स्वच्छता अभियान ने न केवल उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया, बल्कि मांडर के स्थानीय निवासियों को भी स्वच्छता और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

### महात्मा गांधी जयंती समारोह का आयोजन



**मुरी :** सिल्ली सुंदर कुंज में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संध झारखंड प्रदेश सिल्ली शाखा द्वारा गांधी जयंती समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता निर्मल चन्द्र साहु और संचालन रतन महतो द्वारा किया गया। गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। महात्मा गांधी की जय और शास्त्री जी अमर रहे का नारा दिया गया।बारी बारी से गांधी और शास्त्री के आदर्शों पर चर्चा कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर समल महतो,अजीत साहु,गणेश साहु, राजेन्द्र सायं, विश्वनाथ महतो, नित्यानंद मंडल, जोगेन्दर महतो, लक्ष्मीकांत रविदास, भुनेश्वर प्रसाद साल,हरिनाथ स्वासी, सविराम महतो, बद्रीनाथ महतो,माथुर नाथ महतो, पानों देवी, अशोक कुमार सिंह, त्रिलोचन प्रसाद साहू,अभय साहू मनी लाल क ई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

### मांडर में युवक ने तालाब में लगाई छलांग, पुलिस जुटी खोजबीन में

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के झिंझरी तालाब में मंगलवार दोपहर 1 बजे एक 40 वर्षीय युवक ने अचानक तालाब में छलांग लगा दी, जिससे स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। तालाब में कूदने के बाद युवक ने तैरकर तालाब पार करने की कोशिश की, लेकिन आधे रास्ते में ही वह गहरे पानी में डूब गया। घटनास्थल पर मौजूद लोग कुछ देर तक युवक के बाहर निकलने का इंतजार करते रहे, लेकिन जब काफी समय तक वह बाहर नहीं आया, तो तुरंत मांडर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश में जुट गई, लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने बताया कि झिंझरी तालाब में इस समय लगभग 15 फीट से अधिक गहरा पानी है, जिससे खोजबीन में मुश्किलें आ रही हैं।

## विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

मेट्रो रेज



**रांची :** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया। वहीं मंच संचालन मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अजय मुंडा द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह झारखंड प्रभारी रामनरेश सिंह तिवारी शामिल हुए। मोर्चा के साथियों को संबोधित करते हुए पवन साहू ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मोर्चा की भूमिका क्या होगी, इन सब बातों से संबंधित चर्चा की। वहीं झारखंड सरकार की झूठे वादे और निकम्मीपन को जनता के सामने उजागर करने की बात कही। तथा कहा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एवं लगातार बारिश के कारण खराब हुई सब्जियां को लेकर किसानों की मुआवजा देने की मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी द्वारा किसानों के हित में लाई गई 430 योजनाओं को आप सभी जनता के बीच जाकर चर्चा कर बताने का कार्य करें। तय करें कि आज से रोज 10 योजनाओं की चर्चा उनके बीच जाकर करेंगे। साथ हीं कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुए विधानसभा चुनाव में पूरी शक्ति से तैयारी में लग जाने की बात कही। बैठक को राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव एवं राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह ने भी संबोधित किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह, रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, कमलेश मंडल, प्रणिता झा, विनोद ठाकुर, कोषाध्यक्ष टोनी जैन, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, अंचल तिवारी, सुनील कुमार सिंह, संकेत तिवारी मोर्चा के कार्यक्रम समन्वयक प्रदेश प्रभारी अवधेश दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी कुंदन सिंह, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सिंह, सहित प्रमंडलीय प्रभारी सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सहसंयोजक जिला प्रभारी तथा जिला अध्यक्ष शामिल रहे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा सुनील कुमार सिंह ने दी।

## खूंटी पुलिस ने किया भोंज मुंडा हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**खूंटी:** पुलिस ने 26 जुलाई को हुई भोंज मुंडा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पूरे मामले से पर्दा हट गया है। खूंटी पुलिस के अनुसार पत्नी से अवैध संबंध के शक में सादिर उर्फ सुकरा मुंडा नामक आरोपी ने पीएलएफआई और भाकपा माओवादी को सुपारी देकर भोंज की हत्या करायी थी।

**गिरफ्तार आरोपियों में ये हैं शामिल :** खूंटी डीएसपी वरुण रजक ने आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। गिरफ्तार आरोपियों में अड़की थाना क्षेत्र का कटकासोम निवासी एतवा पूर्ति, तिनतीला निवासी एसी सगुन दास मुंडा और ओतोंगओडा निवासी फगुवा मुंडा उर्फ चुनू शामिल हैं। वहीं हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता सादिर उर्फ सुकरा मुंडा ने एक अगस्त को खूंटी कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

**गिरफ्तार तीन आरोपियों में दो पूर्व नक्सली :** डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार तीन हत्यारोपियों में दो पूर्व नक्सली रहे हैं और दोनों के विरुद्ध 17 सीएलए एक्ट के तहत सायको थाना में मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त पारंपरिक हथियार, धारदार चाकू और बाइक बरामद किया है।

**27 जुलाई को पुलिस ने बरामद किया था शव :** ढाई महीने बाद हत्याकांड का खुलासा करते हुए डीएसपी ने बताया कि 27 जुलाई की सुबह साइको थाना क्षेत्र के जीवरी मैदान स्तिथ एक खेत से पुलिस ने एक शव बरामद किया था। मृतक पहचान जीवरी गांव निवासी भोंज मुंडा कर रूप में की गई थी। शव बरामदगी के बाद दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस ने मामले में तफ्तीश शुरू की।

**आरोपियों ने स्वीकार किया जुर्म :** डीएसपी वरुण रजक के दिशा निर्देश पर हुए अनुसंधान में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। खूंटी अंचल पुलिस, अड़की थाना और एसएसबी उलिहातु ने संयुक्त रूप से टीम बनाकर अभियान चलाया और सुपारी लेकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दिए गए स्वीकारोक्ति बयान में आरोपियों ने हत्या में संलिप्तता स्वीकार की है।

**सुपारी देकर करायी गई थी भोंज की हत्या :** डीएसपी ने बताया कि हत्या का कारण सादिर उर्फ सुकरा मुंडा की पत्नी के साथ भोंज मुंडा का अवैध संबंध था। अवैध संबंध के शक में सुकरा मुंडा ने अपराधियों को हत्या की सुपारी दी थी। 70 हजार रुपये में बात फाइनल हुई थी। जिसमें से 40 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया था।

**पुलिस टीम में ये थे शामिल :** छापेमारी टीम में खूंटी डीएसपी वरुण रजक, इंस्पेक्टर किशुन दास, सायको थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम, एसएसबी उलिहातू इंस्पेक्टर जीडी विकास कुमार, अड़की थाना, सायको सशस्त्र बल और एसएसबी उलिहातू पुलिस टीम शामिल थी।

### कांग्रेस के रोटेशनल सीएम के बयान पर झामुमो का दो टूक, कहा-गलतफहमी न पालें

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दो अक्टूबर को प्रधानमंत्री के हजारीबाग दौरे से पहले एक तीर से कई निशाने साधे हैं. पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर द्वारा रोटेशनल सीएम की बात कहे जाने से जुड़े सवाल पर दो टूक शब्दों में कहा है कि कांग्रेस गलतफहमी न पालें। जो हमारे यानी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलेंगे, उनका स्वागत है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगर झामुमो सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ता है तो 55 सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

**गलतफहमी न पालें कांग्रेस :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कांग्रेस को 2009 और 2014 का चुनाव याद रखना चाहिए। हमने लोकसभा में जीतकर दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का दबाव है कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़े। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि हम साझा सरकार चला रहे हैं और जुबान भी साझा होनी चाहिए।

## झारखंड केंद्रीय विवि में कार्यक्रम का आयोजन



**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्व विद्यालय ब्रांबे में प्रबंधन विभाग के बुक रीडिंग एंड क्रिएटिव क्लब द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बीच गांधी जी और शास्त्री जी कि मूल्यों और विचारों को बढ़ावा देना था। इसमें पोस्टर मेकिंग, एक्सटेंपोर, क्रिएटिव राइटिंग, कंटेंट राइटिंग, जस्ट ए मिनट, स्टोरी टेलिंग का आयोजन, विभाग के रिसर्च स्कॉलर हेमंत राज के अध्यक्षता और प्रोफसर डॉ. भगवान सिंह के देख रेख में हुई। जिसमे केंद्रीय विश्व विद्यालय के विभिन्न विभाग के कुल 84 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में जियो इनफॉर्मेटिक विभाग के डॉ. किरण जलेम, डॉ. विकास रंजन परिदा, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. वीरेंद्र भारती, डॉ. शिखा चौरसिया ने जज की भूमिका निभाई।

इस कार्यक्रम का आयोजन सफल बनाने में क्लब के प्रेसिडेंट अनुराधा शाही और वाइस प्रेसीडेंट आदित्य सिन्हा और क्लब के अन्य सदस्यों जिसमे निशी, महताब, आकृति, स्वाति, श्रुति, निकिता, शालिनी भी शामिल थे। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे के बीच में आयोजित किया गया जिसमे कंटेंट राइटिंग में अनिकेत कुमार को पहला, संदीप कुमार टुडू को दूसरा और स्टोरी टेलिंग में श्रीजीत चक्रवोर्थी को पहला, दिया दिनेश को दूसरा, प्रफुल को तीसरा और पोस्टर मेकिंग में राजीव आनंद को पहला, अनन्या मोदक को दूसरा, शुभम राज को तीसरा और क्रिएटिव राइटिंग में खुशी पाठक को पहला, ललिता मंडी को दूसरा, दीप सीखा मुखी को तीसरा और एक्सटेंपोर एंड जस्ट ए मिनट में प्रफुल को पहला, चंद्र मोहन को दूसरा, यशवंत कुमार को तीसरा स्थान मिला। 0इस कार्यक्रम के उपरांत प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. बटेश्वर सिंह द्वारा विजेताओं का प्रोत्साहन किया गया।

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–सविता कुमारी उम्र–20 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–नारंगी रंग का टॉप एवं आसमानी रंग का पैंट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सविता कुमारी उम्र–20 वर्ष, सा0–सिस्टर कैथरिन शांतिसदन सिलदरी, डेस्टीटीयुट, थाना–ओरमॉझी, जिला–रॉची जो दिनांक–18.09.2024 को सिस्टर कैथरिन शांतिसदन सिलदरी, डेस्टीटीयुट से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने होम में वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में ओरमॉझी थाना सन्हा संख्या–28/2024, दिनांक–18.09.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉची। – 9431770066

थाना प्रभारी ओरमॉझी, रॉची। – 9431706183

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 337732 Police (24-25)_D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–मो0 आदिल, उम्र–24 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 3 ईंच पहनावा–काला जैकेट एवं नीला जींस पहने हुए है।

उपरोक्त लापता मो0 आदिल, उम्र–24 वर्ष, पे0–सजाद अंसारी, ग्राम–सुहाना सिटी, थाना–कॉके, जिला–रॉची जो विगत चार महीने से लापता है जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में कॉके थाना सनहा संख्या 19/2024 दिनांक–02.09.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0 प्रथम, रॉची। –9431706141


थाना प्रभारी कॉके, रॉची। –9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची।

PR 337740 Police(24-25)D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–अमन राय, उम्र–16 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, 4 ईंच पहनावा–पीला रंग का शर्ट एवं नीला रंग का जीस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का अमन राय, उम्र–16 वर्ष, पे0–अशफाक आलम, सा0–कैसो, थाना–बेडो,जिला–रॉची, वर्तमान पता सा0–सोसोकला, थाना–गोला, जिला–रामगढ़ जो दिनांक–11.08.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में ओरमॉझी थाना काण्ड संख्या 115/2024 दिनांक–11.08.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, रॉची। –9431770066

थाना प्रभारी ओरमॉझी, रॉची। –9431706183

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 337766 Police(24-25).D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–अनिता देवी, उम्र–30 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 6 ईंच, पहनावा–सुग्गा पंछी रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला अनिता देवी उम्र–30 वर्ष, पति–सुलेन्द्र कुमार, सा0–चकदौलत, थाना–बख्तीयारपुर, जिला–पटना (बिहार) जो दिनांक–22.05.2024 को बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर में वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में कॉके थाना सन्हा संख्या–11/2024, दिनांक–01.08.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, मु0 प्रथम, रॉची। – 9431706141

थाना प्रभारी कॉके, रॉची। – 9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची।

PR.NO.337768 Police(24-25):D

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 15 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 28 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि, बोले

# बापू का संदेश हमेशा रहेगा प्रासंगिक

**मेट्रो रेज**

**रांची:** आज देश के दो महान सपूतों की जयंती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर झारखंड सहित देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। रांची के मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और सांसद महुआ माजी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्रपिता को याद किया। इस अवसर पर बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' को मृणालिनी अखौरी के द्वारा पारंपरिक रूप से गाया गया। भजन कार्यक्रम में राज्यपाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।



इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बापू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बापू का संदेश आज भी प्रासंगिक है और दिन प्रतिदिन यह और भी प्रासंगिक होता जा रहा है। वास्तव में अब देश और समाज महसूस करता है कि महात्मा गांधी के संदेश जो उस समय प्रासंगिक उससे ज्यादा अब हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देश को एक दिशा देने का काम किया है कि कैसे स्वच्छता रखी जाए, दुनिया में वही देश प्रगति कर रहा है जो अपने देश को साफ सुथरा और स्वच्छ रख रहे हैं

महात्मा गांधीजी ने प्रारंभ से ही इस बात को लेकर देशवासियों का ध्यान आकर्षित किया था कि अगर वास्तव में हम अपने समाज को दुरुस्त देखना चाहते हैं तो स्वयं अपने आपको, अपने स्थान को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने का काम करें। यह हमारे लिए और भी ज्यादा प्रासंगिक है। वास्तव में आज महत्वपूर्ण दिन है। आज महात्मा गांधी जी के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्मदिन है, जो वास्तव में हमारे देश के महापुरुष हैं। वास्तव में हमारे देश को, समाज को, दिशा दी और मजबूत करने की दिशा में काम किया था। आज दोनों ही महापुरुष हम सब के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

**बापू की सोच पर चलने से बेरोजगार की समस्या कम होगी:** वित्त मंत्री इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सामाजिक सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता के साथ साथ रोजगार के मुद्दे पर इतनी बड़ी सोच किसी की भी नहीं हो सकती, जो राष्ट्रपिता की थी। घर-घर में चरखा और कॉटेज इंडस्ट्री की बात उन्होंने की। रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज बेरोजगारी की जो समस्या है उसको दूर करने के लिए बापू की स्वरोजगार की सोच आज भी प्रासंगिक है, जिस पर आज चलने की आवश्यकता है। इससे बेरोजगारी की समस्या कम हो जाएगी। गांधी जी आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेंगे, अपने समय में थे ही और आज भी प्रासंगिक हैं।

## मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी और शास्त्री को किया नमन, दी शुभकामनाएं

**रांची :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने समस्त देशवासियों को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर झारखंड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं। अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और



संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन। हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद किया। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत-शत नमन।

## 8 लाख की फिरौती के लिए लड़के का किया अपहरण, पुलिस ने फिल्मी अंदाज में दबोचा



**मेट्रो रेज**

**गोड्डा:** फिरौती के लिए अपहरण किए गए लड़के को गोड्डा पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। गोड्डा मुफ्फसिल थाना में 30 सितम्बर 2024 को छोटू मंडल के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद एसपी ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस ने एक टीम बनाई और मामले की जांच करते हुए लड़के की सकुशल रिहाई सुनिश्चित किया। वहीं, पुलिस ने इस मामले में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक छोटू मंडल के अपहरण के बाद उसके परिजनों से आठ लाख की फिरौती की मांग की गयी थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई, इसके बाद पुलिस की टीम एसपी अमिनेश नैथानी के निर्देश पर गठित कर छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस सादे लिबास मे निर्धारित स्थान पर फिरौती की रकम लेकर पहुंची और अपहरणकताओं को मौके पर ही दबोच लिया।

गोड्डा पुलिस ने कठोन गांव के रहने वाले अक्षय यादव और राहुल कुमार यादव नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की गई है।

पुलिस की छापेमारी टीम में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली के साथ मोतिया ओपी प्रभारी महावीर पंडित और अन्य लोग शामिल थे। पुलिस उपाधिक्षक बिनेश लाल ने बताया की पुलिस के त्वरित करवाई से घटना के खुलासा हो गया और आरोपी दबोच लिए गए।

## तीन महीने बाद खुला बेतला नेशनल पार्क, एक दशक बाद बढ़ाया गया शुल्क



**पलामू:** पीटीआर के बेतला नेशनल पार्क में एक दशक बाद पर्यटन गतिविधि पर शुल्क बढ़ाई गई है। अब पर्यटकों की गाड़ी इंट्री फीस 600 रुपये कर दी गई है। इस शुल्क में अधिकतम छह पर्यटक ही एक गाड़ी में बैठकर पार्क का भ्रमण कर सकेंगे। वहीं यदि एक गाड़ी में पर्यटकों की संख्या छह से अधिक हुई तो प्रति पर्यटक 100 रुपए के हिसाब से शुल्क का भुगतान करना होगा।

**तीन महीने के बाद खुला बेतला नेशनल पार्क**

**तीन** महीने बाद बुधवार को पलामू टाइगर रिजर्व का बेतला नेशनल पार्क खुला है। बुधवार से पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में पर्यटन की गतिविधि शुरू हो गई। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष, उप निदेशक प्रजेश कांत जेना ने पर्यटन गतिविधि की शुरूआत की है। इस दौरान निदेशक ने स्थानीय स्कूली बच्चों के साथ पूजा-अर्चना की, जिसके बाद पर्यटन गतिविधि शुरू हुई। करीब एक दशक के बाद पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में पर्यटन शुल्क को बढ़ाया गया है।

**अब इतना करना होगा शुल्क का भुगतान**

बता दें कि बेतला नेशनल पार्क में पर्यटन गतिविधि का संचालन इको डेवलपमेंट समिति के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें समिति की ओर से 600 रुपये गाड़ी की इंट्री फीस तय की गई है, गाइड के लिए 200 रुपये, ईडीसी के लिए के लिए 50 रुपये और मेंटेनेंस फीस के नाम पर 200 रुपये का भुगतान करना होगा। इसके अलावा गाड़ी का किराया पर्यटकों को खुद से वहन करना होगा।

**पर्यटकों की सुविधा के लिए लिया गया निर्णय**

**इस** संबंध में बेतला नेशनल पार्क के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पार्क के पर्यटन शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। पहले एक गाड़ी में 10 से 12 लोगों को बैठाकर घूमाया जाता था। शुल्क अधिक नहीं देना पड़े इसलिए ऐसा किया जाता था। इससे पर्यटकों को भी दिक्कत होती थी। पर्यटकों की सुविधा के लिए ऐसा किया गया है।

**बाघिन होगी आकर्षण का केंद्र**

पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई स्तर पर पहल की जा रही है। पार्क में कैंटीन खोला गया है। साथ ही कई तरह के सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई है। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में हाल-फिलहाल में पांच बाघों की गतिविधि देखी गई है और बाघिन मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पर्यटकों को बाहर से पानी का बोतल और स्नैक्स लाने की मनाही है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों को स्नैक्स खिलाने वालों पर कार्रवाई होगी।

## पीएम मोदी के झारखंड आगमन से पहले साहिबगंज में अपराधियों ने किया बम विस्फोट, रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त

**बरहेट :** पीएम मोदी के झारखंड आगमन से पहले साहिबगंज के बरहेट में अज्ञात अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दरअसल मंगलवार की आधी रात में पश्चिम बंगाल फरक्का एमजीआर ट्रैक पर बम विस्फोट हुआ है। जिससे पटरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। घटना के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल है। स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व एनटीपीसी के अधिकारी मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

**ग्रामीणों को बुधवार की अहले सुबह हुई मामले की जानकारी :** मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगा घुट्ठ टोला से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एमजीआर रेल लाइन पोल संख्या 40/1 के समीप बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने बम विस्फोट कर दिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को बुधवार की अहले सुबह उस वक्त हुई जब वे वहां से गुजर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना एनटीपीसी के कर्मियों व पुलिस अधिकारियों को दी। ग्रामीणों ने बताया कि उस ट्रैक से ललमटिया से फरक्का की ओर जाने वाली एक मालगाड़ी करीब सुबह 6 बजे गुजरने वाली थी। लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक को देख लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी।

**नाइट गार्ड ने सुनी थी विस्फोट की आवाज :** इसके बाद एनटीपीसी के कर्मियों ने उस मालगाड़ी को पोल संख्या 42/2 के पास रोक दिया। एनटीपीसी के नाइट गार्ड जितेंद्र साह ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 11।30 बजे में ड्यूटी के दौरान उसने विस्फोट की आवाज सुनी थी। लेकिन टायर फटने की आशंका की वजह से वह उस वक्त ध्यान नहीं दिया। लेकिन सुबह मुंशी द्वारा पटरी में बम ब्लास्ट की सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना से महज 10 फीट की दूरी पर एक तार भी बरामद किया गया है। इधर, घटना के बाद बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह, जामुदा राजमहल एसडीपीओ विमल त्रिपाठी, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार समेत अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं।



## एएसआई कृष्णा साव ने सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

**चाईबासा :** कराइकेला थाना के एक एएसआई ने अपने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना जिले के नक्सल प्रभावित इलाके में स्थित कराइकेला थाना में हुई है। जहां बुधवार की सुबह एएसआई कृष्णा साव ने खुद को गोली मार ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी कृष्णा साव को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और मामले की जांच में जुट गये हैं। एएसआई ने किस वजह से खुद को गोली मारी है, अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आयी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक एएसआई के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है।

## झारखंड की धरती पर पीएम मोदी, 83 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिनों के अंतराल पर बुधवार को दूसरी बार झारखंड आ रहे हैं। वह हजारीबाग की धरती से 83 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर 32 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों से संवाद का भी कार्यक्रम है। इसके बाद वह हजारीबाग के मटवारी स्थित गांधी मैदान में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 15 सितंबर को झारखंड आए थे। उन्होंने जमशेदपुर से 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई थी और इसके बाद एक राजनीतिक रैली को संबोधित किया था।



प्रधानमंत्री 2 अक्टूबर को झारखंड में 4 घंटे 35 मिनट तक रहेंगे। दोपहर 1.10 बजे विशेष विमान से रांची पहुंचे उसके बाद चॉपर से हजारीबाग के लिए रवाना हुए। यहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में राजकीय कार्यक्रम दो बजे से प्रारंभ होंगे। पीएम यहां से 79 हजार 156 करोड़ रुपए की लागत वाले धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान लॉन्च करेंगे। वह झारखंड में 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन और 25 स्कूलों का शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री जिस धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लॉन्च करेंगे, उसकी मंजूरी केंद्रीय कैबिनेट ने 18 सितंबर को दी थी। यह चौथी बार है, जब वह झारखंड की धरती से महत्वपूर्ण केंद्रीय योजना की लॉन्चिंग करेंगे। इसके पहले 2018 में आयुष्मान योजना, 2019 में किसान मानधन योजना, खुदरा व्यापार एवं स्वरोजगार पेंशन योजना एवं एकलव्य मॉडल स्कूल और 2023 के नवंबर में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं पीएम जन मन योजना की शुरूआत भी उन्होंने झारखंड की धरती से की थी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियानह्न की योजना देश के आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और जनजातीय आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्यों पर केंद्रित है। यह योजना 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों के 2,740 ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब 63,000 आदिवासी बहुल गांवों को कवर करेगी और और 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस अभियान के तहत आदिवासी गांवों में 20 लाख आवास, 25 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण, हर घर को स्वच्छ पेयजल, गैस और बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसके अलावा 100 आदिवासी मार्केट सेंटर, आश्रम एवं स्कूल, चलित स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जानी है। इस अभियान के तहत जनजातीय समूहों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी को प्रोत्साहित करना और जनजातीय संस्कृति, विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हजारीबाग में प्रधानमंत्री का दूसरा कार्यक्रम राजनीतिक है। वह शहर के मटवारी स्थित गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की समापन रैली को संबोधित करेंगे। यह यात्रा 20 सितंबर से शुरू हुई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से इस यात्रा की शुरूआत की थी। उसके बाद से इस यात्रा ने अब तक यह राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों को कवर कर लिया है।

## सुविचार

**किसी भी व्यक्ति के विचार ही सबकुछ हैं। वह जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है : महात्मा गांधी**

# स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

**साल** 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे। अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, 'यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है।' गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए।

भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया। लेकिन जिसे मुख्यधारा की राजनीति कहते हैं, उसने स्वच्छता के गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया। इन संदर्भों में देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने अहम जिम्मेदारी संभालते हुए स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा। लेकिन मोदी ने ना सिर्फ शौचालय क्रांति की, बल्कि इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को खुद ही फावड़ा और झाड़ू उठा लिया। इसके साथ ही देश के सामने एक नया अभियान आया, 'स्वच्छ भारत अभियान'।

स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। यह कह सकते हैं कि बाद के दिनों में भारतीय स्वच्छता सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता तक सीमित होकर रह गई थी। भारतीयों के एक बड़े वर्ग की सोच सफाई को लेकर ज्यादा निजी थी। शायद ही कोई भारतीय घर होगा, जहां रोजाना झाड़ू ना लगती हो। स्वच्छ भारत अभियान के पहले होता यह था कि झाड़ू लगती तो थी,लेकिन कूड़ा गली में या सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर फेंक दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के शुरू करने के बाद इस सोच में बदलाव आया है। वैसे मानव स्वभाव कोई बिजली का बल्ब नहीं है कि बटन दबाया और जल या बुझ जाएगा। उसमें बदलाव आने में देर होती है। बदलाव को वह जल्दी से स्वीकार नहीं कर पाता। इसीलिए स्वच्छता के मोर्चे पर हम देखते हैं कि सौ प्रतिशत सफलता हासिल नहीं की जा सकी है। रेलवे लाइनों के किनारे पड़े कूड़े के अंबार अब भी बने हुए हैं। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्षों में यह सोच जरूर विकसित हुई है कि निजी ही नहीं, सार्वजनिक स्वच्छता जरूरी है। नई पीढ़ी के बच्चे तो अब बड़े-बड़ों को सार्वजनिक गंदगी के लिए टोक देते हैं।

स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी ने कहा था,'मैं किसी को भी अपने दिमाग से गंदे पैर लेकर नहीं गुजरने दूँगा।' गांधी के इस दर्शन पर भी चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू करते हुए कहा था, 'न मैं गंदगी करूंगा, न मैं गंदगी करने दूंगा।' सार्वजनिक समारोहों में उनकी यह सोच अक्सर परिलक्षित होती है। किताब आदि के विमोचन के दौरान रैपर आदि को वे मोड़कर अपनी जेब में रख लेते हैं। इससे देश के अधिसंख्य लोगों ने प्रेरणा ली है और उस पर अमल भी कर रहे हैं।

स्वच्छता अभियान की सफलता ही कहेंगे कि देश के बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं। स्वच्छ भारत अभियान की एक दशक की यात्रा में न केवल शौचालय कवरेज में भारी वृद्धि हुई है, बल्कि खुले में शौच की कुप्रथा तकरीबन खत्म हो गयी है। स्वच्छता का मतलब सिर्फ सफाई ही नहीं, खाने-पीने की चीजें भी स्वच्छ होनी चाहिए। इस लिहाज से हर घर नल जल योजना को भी स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ सकते हैं। जिसके तहत पाइप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की कवरेज दस सालों में 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है। देश में धुएं के प्रदूषण से महिलाओं को रोजाना दो-चार होना पड़ता था। उज्ज्वला योजना के जरिए इस दिशा में स्वच्छ भारत अभियान को सफल कहा जा सकता है। इस योजना के तहत 11 करोड़ घरों में रसोई गैस का कनेक्शन पहुंच चुका है।

स्वच्छ भारत अभियान से स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ा बदलाव आया है। हालही में विश्व प्रसिद्ध पत्रिका नेचर में स्वच्छ भारत अभियान के बाद आए भारत में बदलावों के शोध पर आधारित एक लेख छपा था। इससे पता चलता है कि स्वच्छ भारत अभियान गेम चेंजर बन गया है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित आलेख कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक शोध पर आधारित है। जिससे पता चलता है कि खुले में शौच की कुरीति खत्म होने के बाद और शौचालय क्रांति से देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। शोध पत्र में कहा गया है कि खुले में शौच की कुरीति के खत्म होने से हर वर्ष करीब 60 हजार से 70 हजार शिशुओं की मृत्यु को रोकने में सफलता मिली है। शोध पत्र के अनुसार, वर्ष 2000 से 2015 की तुलना में वर्ष 2015 और 2020 के बीच शिशु मृत्यु दर एक तिहाई रह गई...इसके आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 और 2015 के बीच शिशु मृत्यु दर में जहां तीन प्रतिशत वार्षिक की गिरावट रही, वहीं बाद में यह गिरावट आठ से नौ प्रतिशत ज्यादा हुई। इसी तरह 2000 और 2015 के बीच की तुलना में बाद के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। इस लेख मुताबिक, साल 2014 में शिशु मृत्यु दर जहां 39 अंक थी, वह साल 2020 में घटकर 28 रह गई। स्वच्छता अभियान की सफलता की कहानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट भी करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, स्वच्छता अभियान के चलते 2014 से 2019 के बीच डायरिया से होने वाली मौत के करीब तीन लाख मामले कम हुए, जो इसके पहले की अवधि में ज्यादा थे। इसी रिपोर्ट के मुताबिक, खुले में शौच की कुरीति खत्म होने से हर परिवार के स्वास्थ्य पर होने वाले करीब 50 हजार रूपए सालाना के खर्च की बचत हुई है। इसके साथ ही भूजल की गुणवत्ता भी पहले की तुलना में बेहतर हुई है। शौचालय क्रांति के चलते अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं अपने घरों में ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं। क्योंकि अब उन्होंने शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा। स्वच्छ भारत अभियान साल 2020 से संपूर्ण स्वच्छता अभियान में तब्दील किया जा चुका है। जिसके लिए एक लाख चालीस हजार करोड़ की रकम आवंटित की गई है। जाहिर है कि स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। लेकिन यह कहना अभी जल्दीबाजी होगी कि देश ने इस दिशा में सबकुछ हासिल कर ही लिया है। लेकिन अब भी देश के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां का मानस सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत नहीं हो पाया है।

# महात्मा गांधी की जीवन दृष्टि

भारत और विदेश में हो रहे अनुभवों को समेटते और पचाते हुए गांधीजी खुले मन से मानवीय चेतना के आत्म-बोध को रचते रहे। वे कई अर्थों में समकालीनों से अलग हट कर गांधीजी ने अपना रास्ता बनाया और उस पर चलने की तैयारी की थी और जोखिम उठाकर भी उस पर चलते रहे। गांधीजी देश के लम्बे स्वतंत्रता-संग्राम में दो दशकों तक केंद्र-बिन्दु रहे।

गिरीश्वर मिश्र

गांधी जयंती पर विशेष

**गां**धीजी का जन्म उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में हुआ था, आधी बीसवीं सदी तक के दौरान वे भारतीय समाज और राजनीति की धुरी बन गए और अब इक्कीसवीं सदी में हम सब उनके मिथक से रूबरू हो रहे हैं। विश्वव्यापी अंग्रेजी साम्राज्य से अहिंसक लड़ाई के साथ उनका स्वाधीन भारत का स्वप्न सत्य हुआ। देश में रचनात्मक बदलाव के लिए वे सबको साथ ले कर चलते रहे। उनकी स्वीकार्यता का दायरा आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक यानी जीवन के सभी क्षेत्रों में निरंतर बढ़ता गया। संयम और आत्म-बल के साथ कर्मवीर गांधी ने जो ठाना उसे पूरा करने के लिए सर्वस्व लगा दिया। समाज के स्तर पर मानव कर्तृत्व की विरल गाथा बना उनका निजी जीवन पीड़ा, संघर्ष और अनिश्चय से भरा था। देश के लिए समर्पण की मिसाल बने गांधीजी अंतिम जन की मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए की मोर्चों पर डटे रहे। वे देश के विभाजन और आजादी के साथ शुरू हुई हिंसा से क्षुब्ध और दुखी थे। बंगाल में नोआखाली से लौट दिल्ली में दंगापीड़ितों की सेवा सुश्रूशा में जुट गए।

विभाजन की विभीषिका बड़ी दारुण थी और विचलित तथा हताश गांधीजी ने स्वतंत्र भारत में अपने पहले जन्मदिन यानी 2 अक्टूबर 1947 को दुखी हो कर कहा था कि वे अब जीना नहीं चाहते और विधि का विधान यह हुआ कि वह सचमुच उनका आखिरी जन्मदिन सिद्ध हुआ। पांच बार की असफल कोशिशों के बाद 30 जनवरी 1948 को दिल्ली के बिड़ला हाउस में उनकी हत्या हो गई। गौरतलब है कि गांधीजी स्वतंत्र भारत में करीब पांच महीने जीवित रहे थे और इस बीच यह बूढ़ा सेनानी स्वप्न-भंग से गुजर रहा था। अब कोई उनकी सुन नहीं रहा था। ये दिन उनके लिए बड़े तकलीफदेह थे।

गांधीजी ने अपने जीवन की कथा को पारदर्शी बनाए रखा। 'सत्य' और 'नैतिकता' से जूझती इस कथा को उन्होंने 'एक खुली किताब' कहा। उनका साहस ही था कि वह कह सके कि ह्यमेरा जीवन ही मेरा संदेश है।' प्रिय-अप्रिय, अच्छे-बुरे हर पहलू को वह सबसे साझा किए। वे सही अर्थों में सत्य के पुजारी थे और जो भी है वह सत्य है इसलिए उसे झूठ के सहारे छिपाना अपराध ही होता। सत्य पर उनका भरोसा बढ़ता गया और वे कथनी और करनी में एका लाने में लागातार जुटे रहे। तभी वह पहनावा, खानपान और मेलमिलाप आदि सब में सरल भारतीय जीवन शैली को अपना सके। वे प्रामाणिकता की कसौटी पर खरे उतरते रहे। विचार को कर्म में तब्दील करने पर जोर देने वाले गांधीजी परिवर्तन चाहने वाले को खुद अपने में बदलाव लाने के लिए कहते हैं। यह खुद उनकी अपनी जिन्दगी की सीख थी। बहुत हद तक प्रयासपूर्वक संयमित जीवन जीते हुए वह जगत की नियमबद्धता में प्रकट हो रहे परमात्मा में आस्था और विश्वास रखते थे। चूँकि नजरिए स्वाभाविक रूप से भिन्न होते हैं विविधता सहज संभाव्य होती है। गैर-जानकारी में लोग अपने से अलग दूसरी दृष्टियों को गलत या हीन ठहराने लगते हैं। गांधीजी अपनी प्रार्थना सभा में सभी प्रमुख धर्मों की प्रार्थनाओं को शामिल करते थे। वे मानते थे सभी एक ही तत्व से बने हैं इसलिए कोई अछूत नहीं और किसी का भी स्वामित्व नहीं। सभी ट्रस्टी हैं इसलिए (अपना हक न जमाते हुए) त्यागपूर्वक भोग करना चाहिए। गांधीजी धैर्य और दृढ़ता के साथ सत्य (ईश्वर), अहिंसा (प्रेम) और अपरिग्रह (जरूरत भर संग्रह) जैसे विचारों को अमली जामा पहनाते रहे और दैनन्दिन जीवन में शामिल करते रहे। इस दृष्टि से उनकी उर्वर मानसिकता और सृजनशीलता असंदिग्ध है।

भारत और विदेश में हो रहे अनुभवों को समेटते और पचाते हुए गांधीजी खुले मन से मानवीय चेतना के आत्म-बोध को रचते रहे। वे कई अर्थों में समकालीनों से अलग हट कर गांधीजी ने अपना रास्ता बनाया और उस पर चलने की तैयारी की थी और जोखिम उठाकर भी उस पर चलते रहे। गांधीजी देश के लम्बे स्वतंत्रता-संग्राम में दो दशकों तक केंद्र-बिन्दु रहे। इसके पहले दाक्षिण अफ्रीका में के दो दशक की अवधि में सामाजिकझ्रराजनैतिक कार्यकलाप में बीती थी जिनमें नस्लवाद और साम्राज्यवाद का तीव्र विरोध शामिल था। वे भारतीय समुदाय के साथ काम करते हुए संघर्ष की शक्ति को जाना पहचाना। आत्मविश्वास से भरे गांधीजी ने अखबार निकालने के साथ सामाजिक चेतना के लिए प्रयास किए। उनका निजी अध्यवसाय भी चलता रहा और मानव स्वभाव की गहनता को समझते रहे। 1915 में भारत लौटने पर वे एक सजग-सशक्त सत्याग्रही और नेतृत्व के लिए प्रस्तुत थे। स्थानीयता पर जोर देते हुए वैश्विक मानव-बोध के पक्षधर गांधी जी अपनी सभ्यता की खूबियों के साथ उसकी कमियों को भी स्वीकार करते हैं। वे स्वदेश, स्वभाषा और स्वराज के खास तौर पर हिमायती हैं। वे ऐसे स्वराज की कल्पना करते हैं जिसमें समाज के अंतिम जन की आवाज भी मायने रखती है। गांधीजी के सपनों के भारत में यहाँ का पूरा लोक-जीवन समाया था। उनकी सोच में एक विकेन्द्रीकृत सत्ता संरचना वाला भारत था। वे गावों को समर्थ और समृद्ध बनाने के लिए चिंतित थे। इसलिए वे स्थानीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती और आर्थिक जीवन को सशक्त बनाने के पक्षधर थे। वे एक आदर्शवादी व्यावहारिक देश-सेवक की हैसियत से एक सर्वसमावेशी व्यवस्था को विकल्प के रूप में आगे बढ़ा रहे थे। गांधी होने का वास्तविक अर्थ आचरण और विचार का एक गतिशील पुंज है जो आज भी अंधेरे में दीपक की भाँति रोशनी बिखेरता है ।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# नवरात्रि का नारी सशक्तिकरण का संदेश

नवरात्रि देवी दुर्गा को समर्पित महत्वपूर्ण पर्व है। नवरात्रि का पर्व वर्ष में चार बार आता है अर्थात चैत्र, आषाढ़, अश्विन, माघ। इनमें से चैत्र एवं आश्विन माह में आने वाली नवरात्रि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। माघ एवं आषाढ़ माह में आने वाली नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है, क्योंकि इनमें कोई सार्वजनिक उत्सव का आयोजन नहीं किया जाता है।

डॉ. सौरभ मालवीय

**भा**रतीय पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। इनसे हमें ज्ञात होता है कि हमारी प्राचीन संस्कृति कितनी विशाल, संपन्न एवं समृद्ध है। यदि नवरात्रि की बात करें तो यह पर्व भी भारतीय संस्कृति की महानता को दर्शाता है। विगत कुछ दशकों से देश में महिला सशक्तीकरण की बात हो रही है। कुछ लोग विदेशों के उदाहरण देते हैं कि वहां की महिलाएं सशक्त हैं तथा उन्हें बहुत से अधिकार प्राप्त हैं। किंतु ये लोग अपने देश के इतिहास पर चिंतन एवं मनन नहीं करते हैं। वास्तव में भारत विश्व का एकमात्र ऐसा देश है, जहां महिलाओं को पुरुषों के समान माना गया है। उदाहरण के लिए भारत में देवियों की पूजा-अर्चना की जाती है। यहां पर उन्हें भी देवताओं के समान ही पूजा जाता है, अपितु देवियों का स्थान देवता से पहले आता है जैसे राधा-कृष्ण, सीता-राम आदि। भगवान शिव के साथ देवी पार्वती की भी पूजा की जाती है। भगवान राम के साथ देवी सीता की पूजा की जाती है। हमारी मान्यता के अनुसार शक्ति की देवी दुर्गा है। धन एवं समृद्धि की देवी लक्ष्मी है तथा ज्ञान की देवी सरस्वती है। कहने का अभिप्राय यह है कि मनुष्य को जीवन में जिन वस्तुओं की आवश्यकता होती है, वह सब उन्हें इन देवियों से ही तो प्राप्त होती हैं। मानव जीवन को अनुशासन में रखने एवं आदर्श जीवन को स्थापित करने के लिए भगवान हमारे विश्वास और श्रद्धा के केंद्र है।

नवरात्रि देवी दुर्गा को समर्पित महत्वपूर्ण पर्व है। नवरात्रि का पर्व वर्ष में चार बार आता है अर्थात चैत्र, आषाढ़, अश्विन, माघ। इनमें से चैत्र एवं आश्विन माह में आने वाली नवरात्रि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। माघ एवं आषाढ़ माह में आने वाली नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है, क्योंकि इनमें कोई सार्वजनिक उत्सव का आयोजन नहीं किया जाता है। आश्विन माह में आने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। इसका



आरंभ अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि से होता है। इस दिवस पर शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना की जाती है। नवरात्रि में नौ दिन देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है।

**प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।**
**तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।**
**पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।**
**सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम्।।**
**नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः।**
**उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मनाः।।**

अर्थात देवी पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी एवं नौवीं देवी सिद्धिदात्री है।

**शैलपुत्री :** नवरात्रि के प्रथम दिन देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। मां शैलपुत्री को सफेद वस्तुएं अत्यंत प्रिय हैं, इसलिए उन्हें सफेद मिष्ठान का भोग लगाया जाता है। यह प्रसाद गाय के शुद्ध घी से बनाया जाता है। सफेद रंग पवित्रता एवं शांति का प्रतीक माना जाता है। जीवन में सर्वाधिक पवित्रता एवं शांति का ही महत्व है। इनके बिना सब व्यर्थ है। देवी की साधना से सुख एवं समृद्धि में वृद्धि होती है।

**ब्रह्मचारिणी :** नवरात्रि के दूसरे दिन देवी देवी दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को शक्कर एवं पंचामृत का भोग लगाया जाता है। शक्कर जीवन में मिठास का प्रतीक है। जिस प्रकार भोजन में मिष्ठान का महत्व है, उसी प्रकार जीवन में मधुर वाणी का महत्व है। मृदु भाषी व्यक्ति सबका मन मोह लेते हैं। देवी की साधना से भाग्य में वृद्धि होती है तथा आयु भी लम्बी होती है।

**चंद्रघंटा :** नवरात्रि के तीसरे दिन देवी दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। मां चंद्रघंटा को दुग्ध से बने मिष्ठान एवं खीर का भोग लगाया जाता है। खीर भी दुग्ध से बनाई जाती है। दुग्ध समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। देवी की साधना से व्यक्ति बुरी शक्तियों से सुरक्षित रहता है।

**कुष्मांडा :** नवरात्रि के चौथे दिन देवी दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कुष्मांडा को मालपुये का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

**स्कंदमाता :** नवरात्रि के पांचवें दिन देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। स्कंदमाता को फल विशेषकर केला अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें केले का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से सुख एवं एश्वर्य में वृद्धि होती है।

**कात्यायनी :** नवरात्रि के छठे दिन देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कात्यायनी को मीठे पान एवं मधु का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से दुखों का नाश होता है तथा जीवन में सुख का आगमन होता है।

**कालरात्रि :** नवरात्रि के सातवें दिन देवी दुर्गा के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कालरात्रि को गुड़ अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें गुड़ से बने व्यंजन का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से समस्त नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा सकारात्मकता में वृद्धि होती है। जीवन सुखी हो जाता है।

**महागौरी :** नवरात्रि के आठवें दिन देवी दुर्गा के आठवे स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी को नारियल अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें नारियल का भोग लगाया जाता है अर्थात नारियल अर्पित किया जाता है। देवी की साधना से व्यक्ति के रुके हुए कार्य पूर्ण होते हैं।

**सिद्धिदात्री :** नवरात्रि के अंतिम दिन देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन कन्या पूजन का विधान है। कन्याओं की पूजा की जाती है। उन्हें भोजन ग्रहण कराया जाता है। इसके पश्चात उनके चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। कन्याओं को प्रसाद के साथ उपहार भेंट किए जाते हैं। तदुपरांत देवी को काले चने, हलवा पूड़ी एवं खीर का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है तथा उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

वास्तव में नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति का उत्सव है। प्राचीन काल से ही यह पर्व भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति का प्रतीक रहा है। कन्या पूजन इस बात को सिद्ध करता है कि भारतीय समाज में कन्या का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। कन्या भ्रूण हत्या तथा नवजात कन्याओं का वध कर देने जैसी बुराइयां हमारे समाज में कब और कैसे सम्मिलित हो गईं, ज्ञात ही नहीं हो पाया। निरंतर घटता लिंगानुपात अत्यंत चिंता का विषय बना हुआ है। विदेशों में भारत की जिन बुराइयों का उल्लेख कुछ लोग बड़े गर्व के साथ करते हैं, वे बुराइयों तो हमारे समाज में कभी नहीं थीं। जिस समय विश्व के अधिकांश देश अशिक्षित एवं असभ्य थे, उस समय हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी था। पुरुष ही नहीं, अपितु महिलाएं भी शिक्षित थीं। वे शास्त्रार्थ करती थीं, अस्त्र-शस्त्र चलाती थीं। देवियों ने कितने ही राक्षसों का अकेले वध किया है।

नारी को ईश्वर ने श्रेष्ठ बनाया है। अनेक मामलों में वह पुरुष से उच्च स्थान पर है। वह जन्मदात्री है। जिस प्रकार एक स्त्री अपने बालकों का पालन-पोषण कर लेती है, उस प्रकार एक पुरुष उनका पालन-पोषण नहीं कर पाता। स्त्री पूरे परिवार का संचालन सुंदर तरीके से करती है। नारी संस्कार की जननी है उसके अंदर ममता, स्नेह, उदारता,आत्मीयता ,प्यार ,दुलार आदि गुण जीवन का हिस्सा है । ईश्वर ने नारी को अत्यंत सबल बनाया है। नारी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता एवं प्रतिभा का सफल प्रदर्शन कर रही है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

## योग

**यो**गसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम?

हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा। लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है।

## पत्र

### स्क्रीन टाइम पर कड़ा प्रहार करने की जरूरत

ऑनलाइन गेम्स अर्थात मारधाड़, तनाव आदि । जीत का अजीबोगरीब जुनून। न खाने-पीने की सुध और न ही समय का ध्यान। ऐसे गेम्स जिनमें बच्चे, किशोर और युवा डूबे रहते हैं। कभी-कभी तो अधेड़ उम्र के लोगों या बुजुर्गों का भी इन गेम्स में लगाव देखा जाता है। इन गेम्स के कारण हो रहे हादसों से कौन नहीं वाकिफ है। टारगेट इतना खौफनाक होता है कि रूह कांप जाये। कई देशों ने इसीलिए इन पर प्रतिबंध भी लगाया। इस चिंताजनक स्थिति के बीच अब कुछ सुखद चीजें भी सामने आ रही हैं। यानी ऑनलाइन गेम्स एक पक्ष एकदम स्याह ही नहीं, कुछ श्वेत भी है और यह श्वेत पक्ष इस कदर धीरे-धीरे धवल हो रहा है कि नयी पीढ़ी को मानो पुरानी कविता की उन खूबसूरत पंक्तियों की मानिंद संदेश दे रहा हो, ह्यनर हो न निराश करो मन को, कुछ काम करो, कुछ काम करो। असल में तनाव पैदा करने वाले ऑनलाइन गेम्स के बीच ही अनेक ऐसे खेल भी अब आ रहे हैं जो बहुत कूल हैं। कोई फिक्स टारगेट नहीं। बैकग्राउंड में शांत सा म्यूजिक चल रहा है, आप एक वस्तु को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। साथ में हैं पहाड़, पेड़, नदियां। उसी तरह जैसे गूगल मैप पर आप डेस्टीनेशन लगाते हैं, गलत मुड़ गए तो वह आपको परेशान नहीं करता, री-रूटिंग कर देता है। एक मोड़ गलत मुड़ गए हो तो आगे से रास्ता मिल जाएगा। हालांकि कूल गेम्स भी बाजार का ही नया रूप है, इसमें भी उलझने का उतना ही खतरा बरकरार है, लेकिन कम भयावह। ऐसे ज्यादातर गेम्स में टारगेट नहीं हैं। हिंसा नहीं है। अलग-अलग तरह के इन गेम्स में किसी में समूह में खेलने का नियम है और किसी में एकल तौर पर। अब कई गेम्स तनाव कम करने के लिए बनाये जाने लगे हैं।

अनन्या कुमारी, कोकर

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता का आरोप

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अमवाटीकर में चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चहारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया ईंट व सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। बता दें कि बरवाडीह में विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। गत सोमवार को चुंगरू पंचायत में ही एक निमार्णाधीन पुल ढलाई के कुछ ही घंटों बाद गिर गया था। लेकिन संवेदक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध मे विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जहां भी गलत काम हो रहा है, उस कार्य के कार्यकारी एजेंसियों व संवेदक पर कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि वे अनियमितता की शिकायत जेई से करना चाहते हैं तो वे फोन नहीं रिसिव करते हैं। जेई सिर्फ संवेदक का ही फोन रिसिव करता है।

### जयनगरा में सांप के काटने से महिला की मौत

**गढ़वा :** कांडी थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव निवासी लालमुनी पासवान की 44 वर्षीया पत्नी कौशल्या देवी की मौत सांप काटने से हो गयी। परिजनों ने बताया कि जब सांप ने काटा उस समय उक्त महिला सोयी हुई थी। परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया, फिर डाल्टनगंज रेफर किया गया। जहां महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद मंगलवार को गढ़वा में पोस्टमार्टम कराया गया। जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया परिखा राम, उप मुखिया रवि कुमार मेहता ने भरोसा दिलाया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार जो लाभ होगा हर हाल में दिलाया जायेगा। मौके पर बैजेंद्र मेहता, लालू मेहता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक पर लगाया झूठा शिलापट्ट लगाने का आरोप




**पलामू:** विश्रामपुर विधानसभा के युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने अपने विश्रामपुर कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता किया। जिसमें विश्रामपुर के भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पर जनता के आंख में फिर से धूल झोंककर ठगने का गंभीर आरोप लगाया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए युवा समाजसेवी सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से नदारद रहने वाले विश्रामपुर विधायक अपने दस-बीस समर्थकों के साथ जगह-जगह बिना टेंडर प्रक्रिया के योजनाओं का झूठा शिलान्यास करते फिर रहे हैं। विधानसभा चुनाव से पूर्व हड़बड़ाहट में सड़क निर्माण योजना टेंडर बैगर किसी संवेदक को कार्य आवंटित होने से पहले ही बगैर अधिकारी और बिना ठेकेदार की मौजूदगी में अपने नाम का शिलापट्ट घूम-घूमकर लगा रहे हैं।

**विभागीय अधिकारी की हो सकती है मिलीभगत: राहुल**

कहा कि इतना ही नहीं बिना प्राक्कलन राशि की जानकारी दिए निवेदक में कार्यपालक अभियंता का पदनाम लिखवाकर विधायक और उनके समर्थक असंवैधानिक कार्य भी कर रहे हैं। टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दूबे ने कहा कि इसमें विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के इशारे पर कार्य करने में विभागीय अधिकारी की मिलीभगत हो सकती है। साथ ही बताया कि यदि अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम नहीं कर रहे होंगे तो बारह घंटे के अंदर झूठा शिलान्यास पर विराम लगाऐंगे अन्यथा टीम अंजू अभिमन्यु सिंह कोर्ट की शरण लेने में देर नहीं करेगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग को भी लिखित शिकायत की जाएगी। मौके पर राहुल कुमार दूबे ने दावा किया कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाग्य में लगा चंद्रग्रहण को जनता अंजू सिंह को वोट देकर मिटाने का काम करेगी। बार-बार ठगी जा रही विश्रामपुर की जनता ने अपना जनप्रतिनिधि चुनने का एकमात्र विकल्प अंजू सिंह को मान लिया है। हम भरोसा देते हैं कि जनता के मान-सम्मान, हक-हकूक की पूर्ति में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इस प्रेसवार्ता में अंजू अभिमन्यु सिंह टीम के नेता नईमुद्दीन अंसारी, अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा ,प्रभारी सलीमुद्दीन अंसारी, ग्रामीण अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय उर्फ गुड्डू पाण्डेय, ददई ठाकुर, सुरेश चौधरी, जनेश्वर यादव, विजय यादव,राहुल ठाकुर, प्रवीण सिंह, कारू सिंह, बंधु चौधरी, सुनील चंद्रवंशी, चंदन कुमार चंद्रवंशी, उस्मान अंसारी, लालदेव यादव, अनिल ठाकुर, सतेंद्र पाण्डेय व अनिल बैठा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रामगढ़ उपायुक्त ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**रामगढ़।** जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूरे जिले में 140 दुर्गा पूजा समिति और मुख्य चार रावण दहन समिति कार्यक्रम स्थल और पूजा पंडाल में मुस्तैद रहेंगे। जिला प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग उन्हें मिलेगा। यह बातें मंगलवार को जिला शांति सह निगरानी समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही।

डीसी ने कहा कि इस बार का त्योहार चुनौती पूर्ण होने वाला है। चुनावी वर्ष है और आदर्श आचार संहिता कभी भी लागू हो सकता है। ऐसे में पूजा समिति के सदस्य मानसिक तौर पर तैयार रहें। पूजा के दौरान यदि आचार संहिता लगता है तो पूजा समितियों को राजनीतिक माहौल से खुद को दूर कर लेना होगा। पंडालों के पास वॉलिंटियर्स को एक रंग के ड्रेस में रहने का भी सुझाव डीसी ने दिया है ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं और वॉलिंटियर्स के बीच फर्क साफ नजर आए।

इस दौरान डीसी ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया। समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने के लिए पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। डीसी ने लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। साथ ही पंडाल में प्रवेश एवं निकासी हेतु महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया।

डीसी ने हाई कोर्ट के निर्देश पर डीजे बैन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने भड़काऊ या अश्लील गाने न बजाने हेतु शख्त निर्देश दिए। सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम फोन संख्या - 06553 222005 में या नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया।

# गंगा नदी हमारे जीवन का अभिन्न अंग : धर्मेंद्र

मेट्रो रेज




**साहिबगंज :** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2024 गंगा विचार मंच के सदस्यों के द्वारा साहिबगंज शहर के बीच स्थित मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस सफाई अभियान के नियमित गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि मां गंगा नदी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं गंगा नदी जीवन दायिनी हैं।प्राकृतिक रुप से बहुत सारे जीव-जन्तु और प्राणी जल के लिए नदियों पर ही निर्भर हैं। लेकिन पर्यावरण में फैलता हुआ प्रदूषण नदियों के लिए अभिषाप बन गया है सबको जीवन देने वाली नदियों का अस्तित्व खुद खतरें में हैं कुछ नदियां अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी हैं तो कुछ लुप्त होने की कगार पर हैं ऐसे में नदियों का सरंक्षण करना अति आवश्यक हो गया है। औद्योगिक विकास,मानव द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण और कई स्वार्थ के कारण अनेक नदियां आज मृतप्राय होती जा रही हैं। प्रदूषित और बीमार इन नदियों को आज संरक्षित करने की जरूरत है विश्व की सभी प्राचीन सभ्यतायें नदियों के किनारे ही विकसित, पुष्पित और पल्लवित हुई है। नदियां जहां स्वच्छ जल का संवाहक होती हैं।वहीं आखेट कृषि पशुपालन तथा यातायात का संवाहिका भी होती हैं। एशिया महाद्वीप का हिमालय पर्वत अनेक नदियों का उद्गम स्त्रोत है। गंगा,यमुना,सिन्धु,झेलम चिनाव रावी सतलज गोमती,घाघरा, राप्ती,कोसी,हुबली तथा ब्रहमपुत्र आदि सभी नदियों का उद्गम स्त्रोत हिमालय है।ये सभी नदियां हिन्द महासागर में जाकर समाहित हो जाती है। हिन्दू धर्म में मां गंगा को माता की तरह हितकारिणी नदियों को देवी के रूप में पूजा जाता है।उन्होंने गंगा नदी में स्नान कर रहे सभी लोगों से यह आग्रह भी किया कि सभी लोग गंगा नदी में साबुन सर्फ से अपने कपड़े को ना धोए और साथ ही साथ घरों की पूजा में इस्तेमाल किए गए सामानों को मां गंगा नदी में ना फेंके उन सभी सामानों को गंगा किनारे छोटा सा गड्ढा खोदकर उसमें डाल दें।जिससे मां गंगा प्रदूषित होने से भी बची रहेगी।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सभी लोग प्लास्टिक का प्रयोग न करें।और उसके स्थान पर कपड़े वाले थैले का प्रयोग करें।प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र कुमार ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में साहिबगंज जिला में कुल 16 घाट नमामि गंगे के द्वारा निर्माण कराया गया है किंतु देखभाल के अभाव में यह सभी जर्जर अवस्था में हैं सभी निर्मित 16 घाट को पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित करते हुए यहां पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय एवं चेंजिंग रूम,बैठने के लिए चबूतरा पर्याप्त मात्रा में अस्थाई कूड़ा दान की व्यवस्था की जाए,हवन कुंड का निर्माण सहित सोलर वेस्ट लाइट की व्यवस्था हो।साथ ही साहिबगंज एवं राजमहल में बिजली चालित शवदाह गृह निर्माण करवाया जाए।कार्यक्रम के अवसर पर वार्ड नंबर 2 के निवर्तमान वार्ड पार्षद सुशील भरतीया,दिनेश पाण्डे,दीपक कुमार,मुंगेरी मिश्रा,प्रो पुरोषत्तम मिश्रा,कुमार सार्थक इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## क्विज प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग की निक्की कुमारी प्रथम स्थान पर रही



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जीवन तथा राष्ट्र के प्रति उनके अवदान को याद करते हुए महिला कॉलेज साहिबगंज में क्विज,स्पीच एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसका संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक कोमल कुमारी ने किया।प्राचार्य डॉ.ध्रुवज्योति सिंह एवं राजनीति विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ पूर्णिमा लकड़ा,हिंदी विभाग से सहायक आचार्य प्रीति पिया मरांडी,डॉ सविता,अंग्रेजी विभाग से सहायक प्राध्यापक प्रिया हांसदा,वाणिज्य विभाग से सहायक प्राध्यापक संध्या शशि खाखा,कोमल कुमारी व इतिहास विभाग से डॉ वीर कुमार केसरी और महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।जिसमे क्विज प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग की निक्की कुमारी प्रथम स्थान पर रही एवं द्वितीय स्थान पर नीलिया कुमारी रही।स्पीच प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग की निक्की कुमारी प्रथम स्थान पर तथा इतिहास की प्रिय कुमारी द्वितीय स्थान पर रही तथा तृतीय स्थान पर हिंदी विभाग की तस्लीमा खातून रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में इतिहास विभाग की मोनी कुमारी प्रथम स्थान पर रही तथा राजनीति विज्ञान की श्रीनीपा कुमारी ?द्वितीय स्थ पर रही एवं रूपा कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

### भारती प्रतिभा चयन की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

**साहिबगंज :** विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं विद्या भारती प्रतिभा चयन की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया।विद्यालय के परीक्षा प्रमुख आचार्य राघव वत्स ने बताया कि शिशु वर्ग से 116 भैया,बहन,बाल वर्ग से 109 भैया,बहन एवं किशोर वर्ग से 32 भैया,बहन सम्मिलित हुए।परीक्षा सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।परीक्षा के सफल आयोजन में विद्यालय के आचार्यअमित कुमार अजय कुमार साह,कल्याण भंडारी,श्यामा प्रसाद,किरण कुमारी गुप्ता,क्रिस्टीना मुर्मू,दीपसिखा का योगदान सराहनीय रहा।

## यदि किसी व्यक्ति की सांसें थम जाये तो हमारे इस संसार में रहने का क्या मतलब : इंस्पेक्टर

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** रक्त के अभाव में यदि किसी व्यक्ति की सांसें थम जाये तो फिर हमारे इस संसार में रहने का क्या मतलब। हम यदि पीड़ित मानवता के काम न आ सके तो जीना सार्थक नहीं।इसी भाव के साथ बरहरवा में आरपीएफ इंस्पेक्टर की पद में कार्यरत,संजीव कुमार को जैसे सुचना मिला की बरहरवा के रहने वाले पत्रकार सन्नी कुमार भगत की पत्नी को ए-पॉजिटिव रक्त की जरूरत है। सुचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने सदर अस्पताल साहिबगंज पहुंचकर सूर्या हॉस्पिटल में इलाजरत स्वीटी कुमारी के लिए रक्तदान कर इंसानियत की मिसाल कायम की है। वहीं संजीव कुमार ने कहा कि इस से पूर्व भी मैंने कई बार जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया है। साथ ही उन्होंने कहा की रक्तदान ही नहीं करते बल्कि रक्तदान को लेकर लोगों को जागरूक भी करते हैं। वैसे हम लोग हमेशा कोशिश करते है। रक्त के अभाव में किसी की जान ना जाए। रक्तदान जागरूकता के महत्व को वहीं समझ सकता है। जिसने रक्त के अभाव में परेशानी को झेला है या किसी अपने को खोया है। वहीं इस नेक कार्य के बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार का रिपोर्टर सन्नी कुमार भगत साथ ही बरहरवा वासियों ने दिल की गहराई से उनका आभार व्यक्त किया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति व उत्पन्न महामारी की रोकथाम की हुई तैयारी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** अपर समाहर्ता गौतम भगत के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति एवं उत्पन्न महामारी की रोकथाम हेतु पूर्व तैयारी व आपदा प्रबंधन अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की।अपर समाहर्ता श्री भगत ने सर्वप्रथम दोनों अनुमंडल के बाढ़ की वर्तमान स्थिति कि जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया की बाढ़ के पानी में नियंत्रण कमी आ रही है जिससे हालात अच्छे बने हुए हैं।बाढ़ के दौरान ग्रामीणों के बीच वितरण किए गए खाद्य समाग्रियों के रिपोर्ट के विषय में जानकारी ली एवं कहा कि वितरण हेतु खाद्य समाग्रियों की जरुरत हो तो वह अधोहस्ताक्षरी को डिमांड प्रतिवेदन समर्पित करें।अपर समाहर्ता ने बताया कि बाढ़ के पानी से होने वाले मुख्य स्वास्थ्य जोखिम जल-जनित बीमारियों का संक्रमण हैं। बाढ़ के पानी के संपर्क में आने से पेट की बीमारी, घाव और त्वचा में संक्रमण और चकत्ते हो सकते हैं। बाढ़ के पानी के संपर्क में आए दूषित फल और सब्ज़ियाँ खाने से भी बीमारी हो सकती है। अपर समाहर्ता सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वह अपने क्षेत्र में नजर बनाए रखेंगे ताकि कोई घटना न हो। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## कागजातों की जांच कर जल्द समस्याओं का करेंगे निदान : बरकत

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित विधायक कक्ष में ज़िला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने लगाई साप्ताहिक जनता दरबार।जहां बरहरवा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की काफी भीड़ रही।ज्यादातर समस्यायें मईया सम्मान योजना से संबंधित रही जिसमे बहुत सी माता बहनों को रजिस्ट्रेशन के बाद भी पहला किस्त का रकम का भुगतान नहीं हुआ एवं दूसरी किस्त का भी अभी तक भुगतान नहीं हुआ।जैसी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के समक्ष रखा।जिसमे सतगाछी पंचायत के समरी देवी,मीरा देवी, अनीता देवी,मानती देवी,रीमा कुमारी,बबीता देवी,साहिना खातून सहित अन्य दर्जनों महिलाये थी।उपरोक्त सभी महिलाओं की समस्याओं को सुनने उपरांत विधायक प्रतिनिधि ने संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर सभी कागजातों को जांच कर जल्द समस्याओं का निदान करने को कहा।साथ ही रंगिया देवी ने राशन कार्ड के लिए आवेदन 15 दिन पहले दिया था लेकिन रिसिविंग नही देने पर प्रतिनिधि से शिकायत की।इस पर प्रतिनिधि ने संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर समस्या का निपटारा किया।कुछ लोग बिजली बिल माफी नहीं होने की समस्या को रखा,बरकत खान ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से वातार्लाप कर उक्त समस्या का निदान करने की बात कही।अंचल से सम्बन्धित भी कई लोगों ने समस्या को रखा, विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने अंचल अधिकारी से वातार्लाप कर यथाशीघ्र निदान करने को कहा। इसके अलावा पेंशन, बिजली, अंबेडकर आवास का भुगतान नहीं होने से सम्बन्धित भी समस्या को लोगों ने बरकत खान के समक्ष रखा, जिसपर खान ने कुछ समस्या को मौके पर ही निदान करवाया तथा बाकी को सम्बन्धित पदाधिकारी को सौप जल्द निदान करने को कहा।मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रणजीत टुडू,जिला समन्वयक सह प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, छोटेलाल रमानी, अहमद अंसारी, आलमगीर मंसूरी,बिजेन कुमार सहित दर्जनों नगर एवं ग्रामीणगन उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी मंच ने दिया धरना

**लातेहार :** झारखंड आंदोलनकारी मंच ने मंगलवार को समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। अध्यक्षता मंच के जिला अध्यक्ष सत्येद्र सिंह ने किया। सिंह ने कहा कि झारखंड निर्माण मे अहम भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारी आज भी उपेक्षित हैं। अलग राज्य बनने के बाद लगा कि राज्य का स्वर्गीण विकास होगा लेकिन आज भी बाहरी लोगों का राज्य मे दबदबा है। राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने बहुत सारे काम किये जैसे मंईया सम्मान योजना, 200 यूनिट बिजली बिल माफ, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास समेत कई कल्याणकारी योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि चिन्हित आंदोलन कारियो को 50 हजार मासिक पेंशन दिया जाए ताकि उन्हे उनका हक मिल सके। विरेंद्र ठाकुर ने कहा कि आंदोलनकारियो को पेंशन के लिए जेल की बाध्यता समाप्त करने की जरूरत है। रांची मे आंदोलनकारियो के लिए अतिथि गृह का निर्माण होना चाहिए। जिला सचिव नंदकिशोर सिंह ने कहा कि लातेहार जिला मे पेंशन पाने वाले आंदोलनकारियो को सरकार द्वारा निर्धारित 3500 रुपया नहीं मिल रहा है। इसलिए उन्हे बकाया राशि ब्याज के साथ भुगतान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी आंदोलनकारियो को 5 कमरे का एक पक्का मकान राज्य द्वारा दिया जाना चाहिए। रामनाथ गंझु ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास बहुत सारी योजना है। सभी आंदोलनकारियो को राज्य सरकार द्वारा ताम्रपत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाना चाहिए।

## विश्व वृद्ध दिवस स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में मनाया गया



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** एनसीडी सीईएलएल स्वास्थ्य समिति साहिबगंज द्वारा विश्व वृद्ध दिवस स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम धोबी झरना साहिबगंज में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया डॉ विजय कुमार डॉ अमित कुमार, प्रो रंजीत कुमार डॉ राजेश कुमार व बाल विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वहीं सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा बताया गया। हर महीने के तीसरे शनिवार को वृद्ध आश्रम में एनसीडी स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच किया जाता है। साथ ही साथ लोगों को यह भी बताया गया कि कि अगर लोग अपने माता-पिता और बुजुर्गों का सही से सम्मान करेंगे एवं ख्याल रखेंगे तो इस वृद्ध आश्रम की जरूरत नहीं होगी। सिविल सर्जन के द्वारा विश्व वृद्ध दिवस के अवसर पर आने वाले शरद ऋतु के लिए सभी वृद्ध जनों को कंबल देकर सम्मानित किए।जबकि डॉक्टर विजय कुमार द्वारा वृद्ध लोगों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशील रहने हेतु विषय पर व्यापक जानकारी दिए। मौके पर अमित कुमार वित्तीय सलाहकार एनसीडी सेल, पंकज पीटर सोरेन डीपीए एनसीडी सेल राजीव कुमार पाल सोशल वर्कर एनटीसीपी राजीव रंजन कोऑर्डिनेटर डीपीएमयू, संजय राम फैमिली प्लानिंग काउंसलर डीपीसी संदीप कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# तृप्ति डिमरी का कमर हिलाना लोगों को नहीं आया पसंद



तृप्ति डिमरी अपनी नई फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में तृप्ति डिमरी के अपोजिट राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर सितंबर में रिलीज किया गया था और दर्शकों से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। निर्माता फिल्म से कई गाने रिलीज कर रहे हैं और उनमें से एक 'मेरे महबूब' था। फिल्म में तृप्ति डिमरी का एक आइटम सॉन्ग हैं जिसे लेकर कहा जा रहा है कि उस गाने में तृप्ति डिमरी फिट नहीं बैठ रही हैं। कुछ मिलाकर लोगों को गाने में तृप्ति डिमरी का काम पसंद नहीं आया है। वह गाने में जिस तरह के मूव्स हैं इसे लेकर काफी असहज भी लग रही हैं। गाने को लेकर कई तरह के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। अब इस आलोचनाओं पर तृप्ति डिमरी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और लोगों को जवाब दिया है। हॉलीवुड रिपोर्टर के साथ एक साक्षात्कार में, तृप्ति डिमरी से पूछा गया कि क्या उन्हें हुक स्टेप करने में असहजता महसूस हुई। बुलबुल स्टार ने कहा कि वह असहज नहीं थीं और एक अभिनेता के रूप में, वह अलग-अलग चीजें करने की कोशिश कर रही हैं। इससे पहले तृप्ति डिमरी का मानना था कि एक अभिनेता के रूप में, उन्हें केवल अभिनय करना आना चाहिए। उन्हें एहसास हुआ कि एक बार जब उन्हें कोई शो ऑफर किया जाता है, तो उन्हें ठीक से चलना आना चाहिए और एक डांस नंबर के लिए, उन्हें अच्छा डांस करना आना चाहिए। ₹तो, मुझे हर चीज की कोशिश करनी होगी। मैं हर चीज में अच्छी नहीं हो सकती, लेकिन कोशिश करने में क्या बुराई है? आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए,₹ डिमरी ने कहा। मेरे महबूब की आलोचना पर आगे प्रतिक्रिया देते हुए, त्रिप्ति ने कहा कि लोगों को कुछ चीजें पसंद आएंगी और कुछ नापसंद। लेकिन इससे किसी व्यक्ति को प्रयोग करने या वह करने से नहीं रोकना चाहिए जो वह करना चाहता है। वह खुद को रोकना नहीं चाहती, सीधे देखना चाहती है और वह करती रहती है जो उसे पसंद है। त्रिप्ति ने कहा, ₹अगर आप यह सोचना शुरू कर देंगे कि लोग क्या कहेंगे और लोग इसे कैसे समझेंगे, तो आप जो कर रहे हैं, उसके प्रति ईमानदार नहीं होंगे। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो त्रिप्ति की 2024 की दूसरी रिलीज़ है और यह 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में आएगी। अभिनेत्री इससे पहले विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज़ में नज़र आई थीं।

# गोविंदा से मिलने कश्मीरा शाह पहुंचीं अस्पताल

अभिनेता गोविंदा को गोली लगने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना गोविंदा के घर पर उस समय हुई जब सुबह-सुबह अभिनेता कोलकाता जाने की तैयारी कर रहे थे और अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर चेक कर रहे थे। इसी दौरान गलती से रिवॉल्वर उनके हाथ से गिर गई और गोली चल गई, जिससे उनके पैर में चोट लग गई।



**गोली लगने के बाद गोविंदा ने एक बयान जारी किया**

उन्हें अस्पताल ले जाया गया और आईसीयू में भर्ती कराया गया। बाद में उन्होंने एक वॉयस नोट जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनकी चिंता और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने अपने स्वास्थ्य के बारे में एक अपडेट भी साझा किया और बताया कि उनके घुटने से गोली निकाल दी गई है। संदेश में वह मेडिकल स्टाफ और अपने प्रशंसकों को उनकी प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देते सुनाई दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गोली सफलतापूर्वक निकाल ली गई है और अब उनकी हालत स्थिर है. ''नमस्कार, प्रणाम, मैं हूं गोविंदा। आप सब लोगो का आशीर्वाद या माँ बाप का आशीर्वाद या गुरु की कृपा की वजह से, गोली लगी थी पर वो निकल गयी है। मैं धन्यवाद देता हूं यहां पे डॉक्टर का या आप सब लोगो की प्रार्थना के लिए। गोविंदा ने अपने ऑडियो संदेश में कहा, ''आप लोगों का धन्यवाद।''

**गोविंदा से मिलने के लिए अस्पताल पहुंची कश्मीरा शाह**

जैसे ही गोविंदा के घायल होने की खबर सामने आई, अभिनेत्री कश्मीरा शाह अस्पताल पहुंचीं, जहां गोविंदा भर्ती थे। गोविंदा के भतीजे और कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा अस्पताल पहुंचने वाली पहली लोगों में से थीं। जैसे ही कैमरे ने उन्हें देखा, अभिनेत्री ने मीडिया से बातचीत करना बंद नहीं किया और गोविंदा से मिलने के लिए दौड़ पड़ीं।

**गोविंदा का कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह से झगड़ा**

गोविंदा का अपने भतीजे कृष्णा अभिषेक के साथ झगड़ा भी काफी सुर्खियों में रहा था, एक छोटी सी बहस कई सालों तक चली। यह सब 2018 में शुरू हुआ जब कश्मीरा ने ट्वीट किया कि लोग पैसे के लिए नाच रहे हैं। यह विवादास्पद टिप्पणी सुनीता को अच्छी नहीं लगी, क्योंकि उन्हें लगा कि यह उनके पति गोविंदा के लिए थी। परिवार के बीच चीजें जल्द ही खराब हो गईं और गोविंदा और सुनीता ने कृष्णा और कश्मीरा से संबंध खत्म कर लिए। हालांकि, 8 साल से चल रहा पारिवारिक झगड़ा तब खत्म हो गया जब गोविंदा आरती सिंह की शादी में शामिल हुए।

**मन की भड़ास या फिसली जुबान!!**

# सोनम कपूर ने ऐश्वर्या राय को क्यो कहा था दूसरी पीढ़ी की आंटी?



सोनम कपूर ने 2007 में संजय लीला भंसाली की रोमांटिक फिल्म 'सांवरिया' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही और तीन साल बाद 2010 में उन्हें फिल्म 'आई हेट लव स्टोरीज' से पहली व्यावसायिक सफलता मिली। तब से अपने अभिनय के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में काफी नाम कमाया है। लेकिन समय-समय पर उनके विवादित बयान सुर्खियों में बने रहते हैं, जिससे वे मुश्किलों में फंस जाती हैं।

**सोनम कपूर ने एक बार ऐश्वर्या राय को 'आंटी' कहा था**

सोनम कपूर बिना वजह ऐश्वर्या राय बच्चन को एक इंटरव्यू में अंटी कहकर विवाद को जन्म दिया। सोनम कपूर के बयान ने इंडस्ट्री में काफी हलचल पैदा कर दी। आपको पूरी काहानी बताते हैं। 2009 में सोनम कपूर को ऐश्वर्या राय बच्चन की जगह एक अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी ब्रांड का चेहरा बनाया था। जब इस बारे में पूछा गया तो अभिनेत्री ने कहा था कि ऐश्वर्या दूसरी पीढ़ी की आंटी हैं। सोनम ने ऐश्वर्या के बारे में विवादित बयान देते हुए बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि सोनम और ऐश्वर्या दो अलग-अलग पीढ़ियों से हैं और ऐश्वर्या ने उनके पिता के साथ काम किया है, इसलिए वह निश्चित रूप से उन्हें आंटी कहेंगी। ब्यूटी दिवा ऐश्वर्या ने उस दौरान अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

**सोनम ने अपने बयान पर सफाई देते हुए क्या कहा?**

हिंदुस्तान टाइम्स को दिए गए इंटरव्यू में सोनम से उनके बयान के बारे में पूछा गया। अभिनेत्री ने कहा कि ऐश्वर्या ने उनके पिता अनिल कपूर के साथ काम किया है, इसलिए उन्हें उन्हें आंटी कहना पड़ा। वैसे सोनम के बयान ने उस समय इंटरनेट पर हलचल मचा दी थी। सोनम ने यह कहकर बयान को शांत करने की कोशिश भी की कि वह ऐसा कभी नहीं करेंगी और कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ छप चुका है और कहा जा चुका है और यह सब बहुत ही गंदा और गंदा हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि वह अब इस मामले में नहीं पड़ना चाहतीं और कहा कि वह अभिषेक बच्चन का एक व्यक्ति के रूप में वास्तव में सम्मान करती हैं।

**ऐश्वर्या हुई थी बयान से नाराज**

अगर रिपोर्ट्स पर विश्वास किया जाए तो ऐश्वर्या उनके बयानों से निराश थीं, लेकिन सोनम ने स्पष्ट किया कि उनका इरादा अभिनेत्री को नुकसान पहुंचाने का नहीं था। ऐश्वर्या और सोनम को फ्रांस में कान फिल्म फेस्टिवल के रैंप पर साथ-साथ चलना था। ऐश्वर्या ने सोनम के साथ चलने से इनकार कर दिया और धमकी दी कि अगर सोनम को उनके साथ मंच साझा करने की अनुमति दी गई तो वह पद छोड़ देंगी।



# आईएलटी 20 डेवलपमेंट टूर्नामेंट 2024 छह अक्टूबर से

**आईसीसी अकादमी ओवल 1 में खेले जाएंगे सभी मैच**

एजेंसी

**दुबई :** इंटरनेशनल लीग टी 20 (आईएलटी-20) डेवलपमेंट टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण रविवार 6 अक्टूबर को आईसीसी अकादमी ओवल 1 में शुरू होगा। पिछले साल की तरह, छह टीमें 18 मैचों के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी जो एकल-लीग के आधार पर खेला जाएगा। टीमों का चयन पिछले सप्ताह एक ड्राफ्ट के माध्यम से किया गया था - छह पक्षों में से प्रत्येक में 15 खिलाड़ी शामिल हैं और इसमें यूएई के स्टार राष्ट्रीय खिलाड़ी और आईएलटी 20 प्रतिभागी शामिल हैं। टूर्नामेंट यूएई के भावी सितारों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और सीजन 3 से पहले छह आईएलटी 20 फ्रेंचाइजी को प्रभावित करने का एक और अवसर होगा, जो जनवरी-फरवरी 2025 में खेला जाएगा। छह टूर्नामेंट दस्तों को एक खिलाड़ी चयन ड्राफ्ट के माध्यम से चुना गया था जो पिछले सप्ताह दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट के अंत में, प्लेयर सिलेक्शन ड्राफ्ट का एक और दौर होगा। छह आईएलटी 20 फ्रैंचाइज़ी में से प्रत्येक सीजन 3 के लिए अपने यूएई चयन (न्यूनतम चार प्रति स्क्वाड) को पूरा करेगी, आईएलटी 20 सीजन 3 रिटेंशन विंडो में टीमों द्वारा कुल 12 यूएई खिलाड़ियों को रिटेन किया गया। इस प्रकार, आईएलटी 20 डेवलपमेंट टूर्नामेंट, प्लेयर सिलेक्शन ड्राफ्ट के बाद कुल 12 अतिरिक्त खिलाड़ियों को चुना जा सकता है।




**डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 डेवलपमेंट टूर्नामेंट 2024 - शेड्यूल**

- रविवार, 6 अक्टूबर – शाम 5 बजे – आईएलटी20 मार्वल्स बनाम डेजर्ट वाइपर्स डेवलपमेंट
- रविवार, 6 अक्टूबर – रात 9 बजे – दुबई कैपिटल्स डेवलपमेंट बनाम गल्फ जायंट्स डेवलपमेंट
- सोमवार, 7 अक्टूबर – शाम 5 बजे – आईएलटी20 थंडरबोल्ट्स बनाम आईएलटी20 पर्ल्स
- सोमवार, 7 अक्टूबर – रात 9 बजे – गल्फ जायंट्स डेवलपमेंट बनाम आईएलटी20 मार्वल्स
- मंगलवार, 8 अक्टूबर – शाम 5 बजे – आईएलटी20 पर्ल्स बनाम दुबई कैपिटल्स डेवलपमेंट
- मंगलवार, 8 अक्टूबर – रात 9 बजे – डेजर्ट वाइपर्स डेवलपमेंट बनाम आईएलटी20 थंडरबोल्ट्स
- बुधवार, 9 अक्टूबर – शाम 5 बजे – दुबई कैपिटल्स डेवलपमेंट बनाम आईएलटी20 मार्वल्स
- बुधवार, 9 अक्टूबर – रात 9 बजे – गल्फ जायंट्स डेवलपमेंट बनाम डेजर्ट वाइपर्स डेवलपमेंट
- शुक्रवार, 11 अक्टूबर – शाम 5 बजे – आईएलटी 20 थंडरबोल्ट्स बनाम गल्फ जायंट्स डेवलपमेंट
- शुक्रवार, 11 अक्टूबर – रात 9 बजे – आईएलटी 20 पर्ल्स बनाम आईएलटी 20 मार्वल्स
- शनिवार, 12 अक्टूबर – शाम 5 बजे – डेजर्ट वाइपर्स डेवलपमेंट बनाम दुबई कैपिटल्स डेवलपमेंट
- शनिवार, 12 अक्टूबर – रात 9 बजे – आईएलटी 20 मार्वल्स बनाम आईएलटी 20 थंडरबोल्ट्स

**आईएलटी 20 डेवलपमेंट टूर्नामेंट 2024 – टीमें इस प्रकार हैं:**

डेजर्ट वाइपर डेवलपमेंटः अब्दुल्ला कयानी, बासिल हमीद, दानिश कुरेशी, डेनियल पॉसन, ध्रुव पराशर, जुनैद शम्सुद्दीन, खुजैमा बिन अनवर, लवप्रीत सिंह, शाहबाज अली, तैमूर अली, तनिष सूरी, उदीश सूरी, वहाब हसन, वसीम अकरम और जीशान आबिद। दुबई कैपिटल्स डेवलपमेंटः अली आबिद, फरहान खान, हाफिज अलमास अयूब, हैदर अली, हिलाल नूर, जुनैद खान अफरीदी, इबरार अहमद शाह, खालिद शाह, मोहम्मद अदीब उस्मानी, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद ज़ोहैब, नासिर फ़राज़, ओमिद रहमान, राजा अकिफ़ुल्लाह और सफ़ीर तारिक।गल्फ जाइंट्स डेवलपमेंटः अयान अफजल खान, आर्यन लाकड़ा, हमीद खान इत्यादि।

## महिला टी20 विश्व कप 2024: ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ने अभ्यास मैचों में दर्ज की जीत

**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में अपने-अपने अभ्यास मैचों में जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन गेंदबाजी की और वेस्टइंडीज के अंतिम नौ विकेट 17 रन पर चटकाए और अभ्यास मैचों में अजेय रहा। इंग्लैंड ने लॉरेन बेल और सारा ग्लेन की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड को 127 रन पर रोका और फिर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं, दीप्ति शर्मा ने नाबाद 35 रन बनाए और दो रन देकर एक विकेट लिया जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया।



**ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 35 रन से हराया**

एनाबेल सदरलैंड और एश्ले गार्डनर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 35 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के शीर्ष छह में से चार बल्लेबाज दहाई के अंकों को भी नहीं छू सके, लेकिन गार्डनर ने रन बनाए, उन्होंने और सदरलैंड ने छठे विकेट के लिए 56 रन जोड़े, जिसमें सदरलैंड 38 रन बनाकर आउट हुईं। गार्डनर (31) अंतिम विकेट के रूप में आउट हुईं, वहीं, अलाना किंग ने 13 गेंदों पर 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में, हेले मैथ्यूज और कियाना जोसेफ ने पहले विकेट के लिए 68 रन बनाए, जबकि मैथ्यूज (42) और शेमेन कैम्पबेल ने दूसरे विकेट के लिए 24 रन जोड़े। हालांकि इसके बाद, वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई,और अंतिम पांच ओवरों में से चार में 8 विकेट गिरे। किंग ने 30 रन देकर चार विकेट लिए।

**केर की अर्धशतकीय पारी बेकार गई**

ओपनर एमिलिया केर की नाबाद 64 रन की पारी न्यूजीलैंड के लिए व्यर्थ साबित हुई, क्योंकि उनकी टीम इंग्लैंड से पांच विकेट से हार गई। न्यूजीलैंड ने केर और इज़ी गेज (नाबाद 26) के पारी की बदौलत 127 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में, इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, लेकिन डैनी वायट-हॉज और नेट साइवर-ब्रंट की जोड़ी ने सहजता से रन बनाए। साइवर ब्रंट ने डेनी गिब्सन के साथ मिलकर 24 रन बनाए और तीन ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई।

## एएफआई ने पूर्व विश्व चैंपियन मकारोव को नए भाला फेंक कोच के रूप में चुना, साई की मंजूरी का इंतजार

**विश्व चैंपियन और 2005 के विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता भी हैं।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता सर्गेई मकारोव को भाला फेंक खिलाड़ियों का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हालांकि अभी भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की मंजूरी बाकी है। भाला फेंक कोच लाने का फैसला डॉ. क्लॉस बार्टोनिट्ज़ के उस बयान के तुरंत बाद आया है, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि वे अगले ओलंपिक चक्र के लिए उस भूमिका में बने नहीं रहेंगे। बार्टोनिट्ज़ दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के दीर्घकालिक कोच हैं। 75 वर्षीय बार्टोनिट्ज़ को नीरज की कोहनी की गंभीर चोट से वापसी का श्रेय दिया जाता है और फिर उन्हें लंबे समय तक कमर की चोट से उबरने में मदद की, जबकि उन्होंने इतनी निरंतरता बनाए रखी कि वे विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतने में सफल रहे, साथ ही उन्होंने अपने दो ओलंपिक पदक भी जीते। मकारोव के पास भाला फेंकने का अच्छा अनुभव है। वह दो बार ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने 2000 और 2004 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता है। वह 2003 के विश्व चैंपियन और 2005 के विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता भी हैं। रूसी खिलाड़ी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 92.61 मीटर है, जो उन्हें सर्वकालिक सूची में आठवें स्थान पर रखता है। यह देखना अभी बाकी है कि नीरज मकारोव के साथ काम करेंगे या व्यक्तिगत ध्यान के लिए कोई दूसरा कोच चुनेंगे। हालांकि, बार्टोनिट्ज़ ने भी नीरज के साथ विशेष रूप से काम करने से पहले भारत में अपना कार्यकाल कई एथलीटों के साथ काम करके शुरू किया था।

# टीम साउथी ने न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ी

एजेसी

**वेलिंगटन :** टिम साउथी ने न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है, टॉम लॉथम अब पूर्णकालिक कप्तान की भूमिका निभाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह घोषणा न्यूजीलैंड के श्रीलंका में टेस्ट सीरीज में 2-0 से हारने के कुछ ही दिनों बाद की गई है। पूर्णकालिक कप्तान के रूप में लॉथम का पहला काम भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज होगी। न्यूजीलैंड के प्रमुख तेज गेंदबाज साउथी ने 2008 में पदार्पण करने के बाद से टीम के लिए 102 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 382 विकेट लिए हैं। उन्होंने दिसंबर 2022 में केन विलियमसन से कप्तान का पद संभाला और 14 टेस्ट मैचों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें छह जीत, छह हार और दो ड्रॉ रहे। पद छोड़ने के अपने



फैसले के बारे में साउथी ने कहा कि यह टीम के सर्वोत्तम हित में लिया गया था। उन्होंने कहा, ₹मेरे लिए इतने खास प्रारूप में ब्लैककैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को सर्वोपरि रखने की कोशिश की है और मेरा मानना है कि यह निर्णय टीम के लिए सर्वोत्तम है। साउथी ने कहा, ₹मेरा मानना है कि जिस तरह से मैं टीम की सेवा कर सकता हूँ, वह है मैदान पर अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, विकेट लेना और न्यूजीलैंड को टेस्ट मैच जीतने में मदद करना। मैं हमेशा की तरह अपने साथियों का समर्थन करना जारी रखूँगा, खासकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने वाले रोमांचक युवा गेंदबाजों का। मैं टॉम को इस भूमिका के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ और वह जानता है कि मैं उसकी यात्रा में उसका साथ देने के लिए हमेशा मौजूद रहूँगा, जैसा कि उसने पिछले कई सालों में मेरे लिए किया है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि विजय घाट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गांधी जयंती पर राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।



गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# महालया के साथ ही देवी पक्ष का आगाज तर्पण के लिए गंगा घाटों पर उमड़ी भीड़

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को महालया के साथ ही देवी पक्ष यानी दशहरा की शुरूआत हो गई है। महालया के मौके पर हजारों लोगों ने गंगा तटों पर नदी में स्नान के बाद पितरों के लिए तर्पण किया है। बुधवार को सुबह से ही राजधानी कोलकाता के बाबू घाट, फेरी घाट, नीमतला घाट समेत अन्य घाटों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ गई थी। सुबह से ही यहां बड़ी संख्या में पुरोहितों का भी जमावड़ा था, जिन्होंने लोगों को पितृ तर्पण करवाया है। वैदिक मंत्रोचार के साथ पुष्प तील और चावल लेकर लोगों ने अपने अपने पूर्वजों को पुष्पांजलि अर्पित की है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में बिरेंद्र कृष्ण भद्र की आवाज में सुबह 5:00 बजे आकाशवाणी पर महालया (दुर्गा सप्तशती श्लोक) सुने जाने की परंपरा रही है। महालया के साथ ही देवी पक्ष की शुरूआत के साथ-साथ पितृ पक्ष का समापन होता है।



स्वर्ग से उतरती हैं देवी दुर्गा : पश्चिम बंगाल में यह मान्यता रही है कि महालया के दिन मां दुर्गा कैलाश से अपने मायके पृथ्वी लोक में आती हैं। यहां उनके स्वागत के लिए भक्त समुदाय ढाक ढोल के साथ देवी की आराधना करते हैं। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा सबसे पावन महोत्सव माना जाता है। इस दौरान हर तरफ भक्ति आनंद और उल्लास का वातावरण रहता है और हर आयु वर्ग के लोग नए वस्त्रों से सुसज्जित होकर भगवती की आराधना में लीन नजर आते हैं।

## पूर्वी चंपारण के 70 से ज्यादा विद्यालयों में घुसा बाढ का पानी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में बाढ और तटबंधो के टूटने के कारण कई प्रखंडों के स्कूलो में पठन-पाठन ठप्प है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब 70 से ज्यादा सरकारी विद्यालयों में बाढ का पानी प्रवेश कर गया है,जिस कारण इन विद्यालयों में पढाई बाधित है। वही इन विद्यालयों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधित प्रखंड के अन्य विद्यालयों में कर दी गई है।

बताया गया कि इन विद्यालयों में कुछेक के परिसर में तो कुछ के सभी कमरों में पानी फैल गया है। वही कुछ विद्यालयों के फर्श पर दो फीट से उपर तक पानी जमा है।वही कई विद्यालयो के पहुंच पथ पर भी पानी भर गया है।

डीईओ संजीव कुमार के अनुसार फिलवक्त जिले के 15 प्रखंड के 72 विद्यालय बाढ से बुरी तरह प्रभावित है,जिसमे सर्वाधिक सुगौली प्रखंड के 18 विद्यालय है,वहीं दूसरे नंबर पर ढाका प्रखंड के 13 विद्यालयों के बच्चों की पढाई प्रभावित हुई है।

## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम रोहतक जेल से रिहा, यूपी के बरनावा में रहेगा बीस दिन

- कांग्रेस ने पैरोल पर जताया था एतराज, देर रात सरकार ने जारी किये आदेश
- अल सुबह रोहतक जेल से बाहर आया राम रहीम



एजेंसी

**रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को बीस दिन की पैरोल मिलने पर बुधवार अल सुबह उन्हें रोहतक की सुनारियां जेल से रिहा कर दिया गया। पैरोल पर रिहाई के दौरान वह यूपी के बरनावा आश्रम में रहेंगे। राम रहीम की पैरोल को लेकर कांग्रेस ने एतराज जताया था और इस बारे में चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर कहा था कि राम रहीम को इस वक्त पैरोल देना ठीक नहीं है, इससे मतदान प्रभावित हो सकता है।

सुरक्षा के बीच राम रहीम जेल से यूपी के लिए रवाना हुए है। बुधवार सुबह करीब पांच बजे सुनारियां जेल के बाहर हलचल शुरू हो गई थी और जेल परिसर की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई। करीब साढे. छह बजे सुबह की हाजिरी के बाद राम रहीम को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच जेल से रिहा किया गया। अभी हाल में ही राम रहीम 4 सिंतबर को 21 दिन की फरलो काटकर जेल लौटे थे। राम रहीम की पैरोल पर निर्वाचन आयोग ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं। वह पैरोल अवधि के दौरान हरियाणा में नहीं रहेंगे और न ही सोशल मीडिया पर एक्टिव होंगे और चुनावी गतिविधियों से दूर रहेंगे, अगर शर्तो का उल्लघंन हुआ तो उसी वक्त पैरोल को रद्द कर दिया जाएगा। राम रहीम की रिहाई को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने भी एतराज जताया था और चुनाव आयोग को शिकायत की थी, लेकिन देर रात सरकार ने राम रहीम की रिहाई के आदेश जारी किये और सुबह प्रशासन ने उन्हें रिहा कर दिया। प्रशासन ने तर्क दिया है कि जेल मैन्वअल के अनुसार राम रहीम की नियमों के तहत ही पैरोल दी गई है और इस वर्ष की 20 दिन की पैरोल राम रहीम की बाकि थी। एक कैदी की भांति अब उन्हें अगले साल में पैरोल मिलेगी।

## महात्मा गांधी की जयंती पर जेपी नड्डा ने स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार सुबह लोधी कॉलोनी में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज सहित कई नेता मौजूद रहे और स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि यह केवल एक दिन करने वाला कार्यक्रम नहीं है, स्वच्छता सतत रूप से हर दिन, हर साल हमारे जीवन का अंग बने, इसके लिए हम सभी को कार्य करना चाहिए। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं और जन सामान्य को संदेश दिया कि इस अभियान में अपनी भागीदारी दें।



इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट पर अपने संदेश में कहा कि सत्य, अहिंसा, शांति और सद्भाव का संदेश देकर मानव कल्याण को समर्पित राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करता हूं। पूज्य बापू की शिक्षाएं, विचार एवं सामाजिक समरसता के प्रति दृढ़ संकल्प, हम सभी के लिए प्रेरणा पुंज है।

## कटघोरा के नगोई कन्या आश्रम में 20 छात्राएं फूड प्वाइजनिंग का शिकार



एजेंसी

**कोरबा/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कटोरी में नगोई कन्या आश्रम में पढ़ाई करने वाली कक्षा पहली से पांचवी तक की लगभग 20 छात्राएं फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गईं है। जिनका प्राथमिक उपचार इलाज काठगोधा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में किया गया ।

बताया जा रहा है कि सभी बच्चे पोड़ी उपरोड़ा के जटगा आसपास के रहने वाले बच्चे हैं। जिनकी उम्र लगभग 7 से 10 साल तक बताई जा रही है। जो कक्षा पहली से पांचवी तक की पढ़ाई करते हैं। कन्या आश्रम में खाना खाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। उल्टी दस्त से परेशान हो गए।बीती देर शाम 16 छात्रों को कटघोरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया हैं। कटघोरा बीएमओ बी आर रात्रे ने बताया कि सभी बच्चों की हालत में अब सुधार है, सभी खतरे से बाहर हैं।

कटघोरा बीएमओ बी आर रात्रे ने बताया कि मंगलवार को भोजन के बाद अचानक इन सभी बच्चों की तबियत बिगड़ गई और उल्टी -दस्त की समस्या होने लगी। घटना के बाद सभी बच्चों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से काठगोधा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया गया ।सूचना के बाद कटघोरा एसडीओपी मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक जांच और कार्रवाई की बात कही है।

## पूर्वी चंपारण के 10 और फर्जी डिग्री वाले शिक्षको पर प्राथमिकी

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे 10 और शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इस प्रकार अब तक 24 फर्जी डिग्रीधारी शिक्षकों पर केस दर्ज हो चुका है। निगरानी विभाग की इस कारवाई के बाद जिले में फर्जी डिग्री पर शिक्षक बने लोगो में हड़कंप है। जानकारी के अनुसार निगरानी विभाग ने मंगलवार को जिले के कल्याणपुर और चकिया थाना क्षेत्र के 10 फर्जी शिक्षको को चिन्हित प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही इसके पूर्व निगरानी विभाग ने जिले के बंजरिया, पीपराकोठी व तुरकौलिया थाना में 14 शिक्षको के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा चुकी है। निगरानी विभाग ने कल्याणपुर थाना मे जिन फर्जी डिग्रीधारी शिक्षको पर प्राथमिकी दर्ज करायी है,उसमे राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर में कार्यरत शिक्षक रानू पासवान,नव सृजित प्राथमिक विद्यालय बांस घाट(पासवान टोला)की शिक्षिका विभा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकी कुवआं की शिक्षिका मनोरमा कुमारी। चकिया थाना में जिनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है उसमे एनपीएस फुलवरिया के शिक्षक जयप्रकाश कुमार यादव,प्राथमिक विद्यालय अहिमन छपरा के शिक्षक अजय राम,उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौला उर्दू के शिक्षक संतोष कुमार महतो,उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौला उर्दू की शिक्षिका चंद्र लता कुमारी यू एम एस सिसवा बसंत की शिक्षिका सुधा कुमारी,प्राथमिक बिद्यालय बंशी बाबा शम्भू चक के शिक्षक संतोष कुमार,यू एम एस बहुआरा की शिक्षिका मुन्ना कुमारी शामिल है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर निगरानी विभाग विभिन्न विधालयो में पदस्थापित शिक्षको की शैक्षणिक योग्यता की जांच कर रही है, जिसमे फर्जी डिग्री की पुष्टि होने के बाद उक्त कारवाई की जा रही है।निगरानी विभाग के डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि इन फर्जी शिक्षकों पर कानूनी कार्रवाई तय है।साथ ही इनको सैलरी के रूप में मिले पैसे की भी वसूली हो सकती है।

## दशहरा की शुरूआत में डॉक्टरों के आंदोलन की वजह से पुलिस ने की सुरक्षा की खास तैयारियां

एजेंसी

**कोलकाता ।** दुर्गा पूजा से पहले पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन और भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की खास तैयारियां की गई हैं। कोलकाता पुलिस ने महालया के एक दिन पहले, केवल पांच घंटे के भीतर चार निर्देश जारी किए हैं। ये सभी निर्देश दो अक्टूबर यानि आज से लागू हो गए और ये 30 नवंबर तक प्रभावी रहेंगे।

कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को हटाकर मनोज वर्मा को उनकी जगह नियुक्त किया गया है। मनोज वर्मा ने शहर के प्रमुख पूजा आयोजकों के साथ बैठक कर सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया था और पंडालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया था। इस बीच, पुलिस ने महालया के ठीक पहले, कुछ नई गाइडलाइंस जारी कीं, जिनमें किरायेदारों के संबंध में नए नियम, साइबर कैफे के संचालन, और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर निर्देश शामिल हैं। पहले निर्देश में कहा गया है कि मकान मालिक किसी को भी किराए पर घर दे सकते हैं, लेकिन किरायेदार की पहचान की पूरी जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य है। मकान मालिकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने किरायेदार की जानकारी लिखित रूप में नजदीकी थाने में जमा करें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अपराधी या आतंकी तत्व किसी भी मकान में छिप न सकें। इसके साथ ही, किरायेदार से संबंधित सभी जानकारी पुलिस के पास उपलब्ध होनी चाहिए।

दूसरे निर्देश के अनुसार, कोलकाता पुलिस को जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में कई रैलियां और सभाएं आयोजित की जाएंगी, जिससे कुछ इलाकों में अशांति फैल सकती है। इसे रोकने के लिए, पुलिस ने कुछ क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू करने का निर्णय लिया है। इन क्षेत्रों में दो अक्टूबर से 30 नवंबर तक पांच से अधिक व्यक्तियों के एक साथ इकट्ठा होने पर पाबंदी रहेगी। प्रेस क्लब, न्यू रोड, मेयो रोड, हेयर स्ट्रीट, फेयरली प्लेस, लालबाजार आदि क्षेत्रों में यह पाबंदी लागू रहेगी।

तीसरे निर्देश में साइबर कैफे के संचालन को लेकर सख्त कदम उठाए गए हैं। साइबर कैफे में आने वाले हर व्यक्ति को फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा और उसका रिकॉर्ड रखना होगा। कैफे संचालकों को सभी गतिविधियों का लेखा-जोखा रखना होगा और कम से कम छह महीने तक सर्वर का डेटा सुरक्षित रखना होगा। अगर किसी पर संदेह हो, तो तुरंत स्थानीय थाने को सूचित करना होगा। चौथे निर्देश में पर्यावरण को बचाने के लिए कचरे को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय शहर को प्रदूषण से बचाने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए लिया गया है।


इन सभी निर्देशों का पालन न करने पर पुलिस संबंधित आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकती है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला में चरस के साथ एक गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान में एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर शाम पुलिस की टीम गश्त के दौरान सदर थाना अंतर्गत विलो होटल क्षेत्र पहुंची। पुलिस टीम ने उस क्षेत्र के पास खंडेर बिल्डिंग की जांच की जहां अक्सर नशे में धुत व्यक्ति पाए जाते हैं। पुलिस ने मौके से श्याम सिंह (56) पुत्र साध राम निवासी ठियोग के कब्जे से 80.240 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### दिल का दौरा पड़ने से पूर्व मंत्री और सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार मुश्ताक अहमद बुखारी का निधन



**पुंछ।** पूर्व मंत्री और सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार मुश्ताक अहमद शाह बुखारी का बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में उनके आवास में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह जानकारी पार्टी नेताओं ने दी। भाजपा के एक नेता ने कहा कि बुखारी कुछ समय से अस्वस्थ थे और सुबह 7 बजे उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिससे उनकी मृत्यु हो गई। सुरनकोट से दो बार के पूर्व विधायक बुखारी इस साल फरवरी में भाजपा में शामिल हुए थे जब केंद्र ने उनके पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया था। उन्हें सुरनकोट से मैदान में उतारा गया था जहां 25 सितंबर को दूसरे चरण का मतदान हुआ था। अनुसूचित जनजाति के दर्जे को लेकर पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के साथ बहस के बाद बुखारी ने चार दशक लंबे जुड़ाव के बाद फरवरी 2022 में नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ दी थी। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने बुखारी के निधन पर शोक व्यक्त किया। रैना ने कहा कि बुखारी एक जन नेता थे और उनके निधन से एक खालीपन पैदा हो गया है जिसे भरना बहुत मुश्किल है।

### शिवसागर में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**शिवसागर (असम)।** शिवसागर जिले के जयसागर में मानकटा तिनाली के पास बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दो दोस्त धुलियापार गांव के नवज्योति बोरा (31) और मऊपुरिया गांव के बिराज हजारिका (33) एक बाइक (एएस-04एई-9368) से पाहूगढ़ की तरफ से तेज गति से मानका तिनाली की ओर आ रहे थे। अचानक उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कुछ ही देर में दोनों युवकों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दोनों युवक पाहूगढ़ में एक ढाबे में अत्यधिक शराब पी रहे थे। जिसके चलते यह हादसा हुआ। सुनसान सड़क पर रात को हुई इस दुर्घटना के बाद दोनों युवकों के शव को बरामद कर जयसागर सिविल अस्पताल लाया गया। स्थानीय लोगों ने जयसागर पुलिस को सूचित किया। ज्ञात हो कि नवज्योति बोरा शादीशुदा था और एक बेटी का पिता था। दोनों युवकों की असामयिक मौत से दोनों ही परिवारों में मातम छा गया है।

### तीन बीघा वन भूमि से की भांग की खेती नष्ट

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के अंतर्गत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने भारी संख्या में भांग के पौधों को नष्ट किया है। लंबे समय से जिला में भांग की खेती को नष्ट करने का अभियान शुरू किया गया है। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामले भी दर्ज किए गए हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम मणिकर्ण घाटी के खोड़ा थाच तथा तिंदर धार में पहुंची जहां भांग की फसल लहलहा रही थी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि टीम ने 3 बीघा वन भूमि से करीब 1 लाख 41 हजार 231 भांग के पौधे नष्ट किए गए हैं। मणिकर्ण पुलिस चौकी में दो मामले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किए गए हैं।

### संभागीय आयुक्त के ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी



**कोटा।** सीनियर आईएएस और कोटा संभागीय आयुक्त के ठिकानों पर बुधवार सुबह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीमों ने छापेमारी की है। आयुक्त राजेंद्र विजय के कोटा में दो और जयपुर के एक ठिकानों पर सर्च की जा रही है। वहीं, दौसा में उनके पैतृक घर को फिलहाल सील किया गया है। आईएएस के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें हैं। एजेंसी लंबे समय से विजय पर नजर रख रही थी। एसीबी ने मंगलवार को कोर्ट में अपनी जांच रिपोर्ट और शिकायत को रखा, जिसके आधार पर कोर्ट ने सर्च के आदेश दिए। बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे से राजेन्द्र विजय के चार ठिकानों पर एसीबी ने सर्च करना शुरू किया। इसकी मॉनिटरिंग एसीबी मुख्यालय में की जा रही है। राजेंद्र विजय को आठ दिन पहले कोटा संभागीय आयुक्त बनाया गया है। यहां उनके सरकारी आवास और ऑफिस की तलाशी ली जा रही है। विजय के जयपुर में तारों की कूट स्थित आवास पर भी करीब तीन घंटे से टीम मौजूद है। राजेन्द्र विजय ने 25 सितंबर को ही कोटा में संभागीय आयुक्त का पद संभाला था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि जब हम चार कदम आगे बढ़ाते हैं तो चुनौतियां आती है, लेकिन कोटा के विकास में कोई भी चुनौती आएगी तो उसे दूर किया जाएगा। राजेन्द्र विजय मूलतः दौसा जिले के दुब्बी गांव के निवासी हैं। बुधवार सुबह दौसा एसीबी की टीम दुब्बी में उनके घर पहुंची तो खलबली मच गई। यहां उपाधीक्षक नवल मीना ने कार्रवाई करते हुए मकान को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान विजय के पैतृक घर पर कोई मौजूद नहीं था। ऐसे में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद सर्च की कार्रवाई होगी।

# दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन सजग : उपायुक्त



**जमशेदपुर :** शारदीय नवरात्र (दुर्गा पूजा) को लेकर जिला प्रशासन सजग है. शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे. उक्त बातें उपायुक्त अनन्य मित्तल ने उनसे मिलने गए सेंट्रल दुर्गा पूजा कमिटी के प्रतिनिधिमंडल से कही. उपायुक्त ने बताया कि जिलास्तर पर शांति समिति की बैठक हो गई है. उसमें मिले सुझाव पर अमल किया जा रहा है. थाना स्तर पर बैठकें हो रही हैं. उन्होंने पूजा कमिटी से किसी तरह की समस्या अथवा सुझाव हो तो साझा करने की बात कही.

**प्रतिनिधिमंडल ने 26 सूत्री मांग पत्र सौंपा :** प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से ग्रामीण क्षेत्र की पूजा कमिटियों को अनुज्ञप्ति प्रदान करने, जर्जर सड़कों की मरम्मत अथवा स्लैग गिराकर भरने समेत 26 सूत्री मांग पत्र सौंपा. महासचिव ललन यादव ने पर्व से पहले सड़क जाम की स्थिति से अवगत कराया. इसके लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने की मांग की. उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही कमियों को दूर किया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो प्रमोद तिवारी, उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य करुणा में मंडल, उपाध्यक्ष निमाई मंडल, हरी मुखी, बलदेव सिंह नेहरा, मजदूर नेता सह उपाध्यक्ष विजय यादव, दामोदर शनि महाराज, अधिवक्ता विनीता मिश्रा, महासचिव ललन यादव, संयुक्त सचिव एस के शर्मा, वीरेंद्र सिंह एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रांची के नवपदस्थापित उपायुक्त मंजूनाथ भजन्तरी उपायुक्त पद पर कब तक ?

## चुनाव आयोग ने श्री भजन्तरी को चुनाव कार्य से मुक्त रखने का आदेश दे रखा है

**बिनय मिश्रा**



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी और रांची के नवपदस्थापित उपायुक्त मंजूनाथ भजन्तरी जमशेदपुर से उपायुक्त पद से इसलिए हटाये गये थे कि चुनाव आयोग ने उन्हें चुनाव कार्य से वंचित या यूँ कहें अलग रखने का आदेश दिया है और झारखण्ड में अक्टुबर माह के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। इस परिस्थिति में विधानसभा चुनाव 2024 नवम्बर माह में चुनाव कराने के साथ-साथ सरकार गठन करने की प्रक्रिया भी पूर्ण की जानी है और चुनाव आयोग की वैसे आईएएस व आईपीएस अधिकारी पर पैनी नजर भी है जिनकी शिकायत उन तक पहुंची है या पहुंचती रहती है। लोकसभा चुनाव के दौरान मंजूनाथ भजन्तरी के स्थान पर पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त अनन्य मि×ल को जमशेदपुर का उपायुक्त बनाया गया वहीं गोड्डा के सांसद निशीकान्त दुबे के द्वारा देवघर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुगडुग की शिकायत चुनाव आयोग से की गयी थी। जिसके फलस्वरूप चुनाव आयोग ने श्री डुगडुग को चुनाव आयोग ने एसपी पद से तत्काल प्रभाव से हटाकर राकेश रंजन को एसपी के पद पर पदस्थापना करने की अनुमति और सहमति भी प्रदान की थी। हालांकि लोकसभा चुनाव के पश्चात देवघर के एसपी के रूप में राकेश रंजन के स्थान पर अजीत पीटर डुगडुग को पुनः पुलिस अधीक्षक बनाया गया वहीं वर्तमान समय में यह चर्चा जोरों पर है कि विधानसभा चुनाव के समय चुनाव आयोग तक पुनः शिकायत और जानकारी पहुंचायी जायेगी और इस प्रसंग या प्रकरण पर गोड्डा के सांसद निशीकान्त दुबे को इसकी जवाबदेही या कमान भी सौंपी जा सकती है कि वह इस प्रकरण की पुनः शिकायत करे।



## आम व खास ने महात्मा गांधी को किया नमन

**सिमडेगाः** जिला में 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती के अवसर पर प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर नगर परिषद, सिमडेगा के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शहर की साफ-सफाई में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से कई जल सहियाओं को भी मोमेंट देकर सम्मानित किया गया।

गांधी जयंती के मौके पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड कर कुछ मॉडल तैयार किया गया था एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

उपायुक्त महोदय के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को महात्मा गांधी जी की 155 वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया।

महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रन फॉर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत केलाघाघ मोड़ से गांधी मैदान तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के प्रति आम लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता का जायजा लिया गया, की दुकानों के सामने देख प्रधान जिला जज सत्र न्यायाधीश एवं उपायुक्त महोदय द्वारा दुकानदार को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए अपने-अपने दुकान के सामने कूड़ेदान रखने की अपील की। वहीं उपायुक्त महोदय ने नगर परिषद प्रशासक को बस स्टैंड को साफ सुथरा रखने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। इस कार्यक्रम में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश,उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता पेयजल, नगर परिषद सिटी मैनेजर, प्रेस के मीडिया प्रतिनिधि बंधु सहित अन्य ने भाग लिया।

इस दौरान स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के बच्चें, नगर परिषद की कर्मीगण एवं आमजन ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्राधिकरण व महिला आयोग महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर गंभीर : राजीव

**मेट्रो रेज**



**चाईबासा :** चाईबासा सदर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, झालसा, रांची एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा द्वारा तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चाईबासा मो. शाकिर के मार्गदर्शन में किया गया. प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नालसा, झालसा और राष्ट्रीय महिला आयोग की सहभागिता से जिले के 9 प्रखंडों में महिला सशक्तीकरण एवं विकास से जुड़े विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

सदर चाईबासा के प्रखंड मुख्यालय से इसकी शुरूआत की जा रही है। उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर विभिन्न कानूनी प्रावधानों और प्रक्रियाओं के बारे उपस्थित महिला समूह को बताया। उन्होंने महिलाओं को टेली लॉ के बारे में भी जानकारी दी. अधिवक्ता ऋचा सिन्हा ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एलएडीसी के उप प्रमुख सुरेंद्र प्रसाद दास ने भी महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया. मौके पर कई विभागो के प्रमुख भी उपस्थित थे।

### झारखंड पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

## भाजपा और कांग्रेस धर्म के नाम पर करती है राजनीति : एनोस एक्का



**चाईबास/कोलेबिराः** स्थित नगर भवन में झारखंड पार्टी के द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का शामिल हुए।कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में भीड़ उमड़ी झारखंड पार्टी के नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर अन्य पार्टी के कार्यकताओं ने झारखंड पार्टी का दामन थामा।आयोजन में केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड पार्टी जनता पार्टी और कांग्रेस पर जमकर वार किया।उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी और कांग्रेस पार्टी धर्म के नाम पर वोट मांगती है लोगों को गुमराह कर बरगलाती है।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने क्षेत्र में कई वर्षों तक शासन किया परंतु आज भी क्षेत्र में कोई भी विकास का कार्य नहीं हुआ और ना ही लोगों के मूलभूत समस्या दूर कर सका, दोनों ही पार्टी सिर्फ और सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है।यहां का स्थानीय विधायक सिर्फ धर्म का नाम पर लोगों को भड़काने का काम कर रही है फिर भी लोगों को धर्म पर कोई काम नहीं कर रही है सिर्फ स्थानीय विधायक ने लोगों को धर्म के नाम पर बरगलाने का काम किया।साथ ही उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं और उसमें इंजीनियर के साथ मिलकर सिर्फ घोटाला कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि बोंगराम में 2 लाख का योजना देने के पश्चात भी लाभुक को 130000 देकर बाकी रकम घोटाला का नाम कर दी गई।ऐसे ही कई सारी योजना देकर स्थानीय लोगों सिर्फ पैसा लूटने का काम कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के नाम पर ठगने वाला विधायक को इस बार बेनकाब करने का हम लोग काम करेंगे। मौके पर अभय विश्वकर्मा, विधानसभा प्रभारी आतिश सिंह,ललन प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष सुगड़ जाडिया,बदरुद्दीन अहमद,समीर अहमद,अभिषेक कुमार,सैमुअल धनवार, अनमोल,ध्यानचंद टोपनो, मलाकी डांग,असलम खान,विष्णुदेव साहू सभी पंचायत प्रभारी के आलावा काफी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## झामुमो ने बापू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**सिमडेगाः** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर झामुमो सिमडेगा द्वारा गांधी मैदान स्थित बापू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर झामुमो के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना , जिला सचिव सफीक खान, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, केन्द्रीय समिति सदस्य मो० शाहिद, बुधिजीवी मोर्चा अध्यक्ष इरशाद आलम, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की, नगर उपाध्यक्ष मो० सिकंदर,नगर उपाध्यक्ष संदीप मिंज,युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, जावेद वारसी, मो० रिजवान, जिला परिषद् सदस्या सांता रोजालिया कांडूलन, मो० अनास और अमजद ओहदार उपस्थिति थे।

## चलो चलें बाजार अभियान का पोस्टर लांच

**जमशेदपुर :** त्योहारी सीजन में व्यवसाय में ऑनलाइन के बढ़ते दखल को रोकने, स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित एवं बाजारों की रौनक लौटाने के उद्देश्य से सिंहभूम चैंबर के तत्वावधान में चलो चलें बाजार अभियान की शुरूआत की. मंगलवार को इससे संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया. अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि यह बाजारों की रौनक लौटाने की एक कोशिश है।




### अमन अहमद झारखंड एनएसयूआइ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए

# अमन अहमद ने कहा नई पारी नई चुनौतियों के साथ



**सिमडेगाः** मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मुझे राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा झारखंड एनएसयूआइ का राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । इस पद पर सेवा करना वास्तव में सम्मान और विशेषाधिकार की बात है और मैं इस अवसर के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूँ ।

2019 में, मैं बदलाव लाने के जुनून के साथ एनएसयूआइ में शामिल हुआ और आज, मैं राज्य स्तर पर छात्र समुदाय की सेवा करने की इस नई जिम्मेदारी को लेने के लिए बहुत ही विनम्र हूँ ।

मैं बहुत सम्मान की भावना के साथ हमारे एनएसयूआइ परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी जी और राज्य प्रभारी कुणाल सहरावत जी के प्रति अपना हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करता हूं, मुझ पर विश्वास करने और मेरा समर्थन करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, शुक्रिया आपका ।

साथ ही साथ झारखंड एनएसयूआइ निवर्तमान अध्यक्ष, मार्गदर्शक बड़े भाई सैयद आमिर हाशमी जी, महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव बड़े भाई साहिल खान जी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनिकेत राज जी, भाई सत्यम सेठ का भी मैं तहे दिल से शुक्रिया व्यक्त करता हूँ ।

संगठन के प्रति आपके मार्गदर्शन और निस्वार्थ सेवा के लिए आप चारों का बहुत बहुत धन्यवाद ।

मैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी, जेपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी, अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी, मंत्री दीपिका पांडे सिंह जी, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख जी, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर जी, राज्यमंत्री शमशेर आलम जी, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शाबाज अहमद जी, रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो जी, महानगर उपाध्यक्ष प्रिंस बट जी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज जी, प्रदेश महासचिव कुमार विक्की जी, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह जी, गौ विकास आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन जी, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबे जी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी जी, एहसान अहमद जी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ जी, वारिस कुरेशी जी, बाल अधिकार आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी जी, जेपीसीसी के प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाहदेव जी, बिनय सिन्हा दीपू जी, सुरेश बैठा जी, प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह जी, एआईपीसी अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल जी, प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा जी, हृषिकेश सिंह जी, कृतिका त्रिपाठी जी, रेयाज अंसारी जी, और झारखंड के सभी एआईसीसी सदस्य, जेपीसीसी के प्रत्येक सदस्य और राज्य नेतृत्व का आभार, धन्यवाद और शुक्रिया, उम्मीद करता हूं आपलोगो का आशीर्वाद एवम स्नेह सदैव यूंही बना रहेगा ।

मैं अटवरव के पूर्व डॉ.मसकूर उस्मानी जी, एनएसयूआइ के पूर्व राष्ट्रीय सचिव लोकेश चुग्ग जी, बिट्ठल शर्मा जी, वर्तमान में राष्ट्रीय महासचिव रोहित राणा जी, राष्ट्रीय महासचिव चुन्नू सिंह जी, राष्ट्रीय सचिव मान्या शर्मा जी, राष्ट्रीय सचिव शादाब अख्तर जी, प्रदेश अध्यक्ष यूपी सेंट्रल अनस रहमान भाई, राष्ट्रीय समन्वयक खालिद जमशेद भाई, राष्ट्रीय संयोजक आमिर चौहान भाई, राष्ट्रीय प्रवक्ता आरिफ अली भाई, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विलाल अहमद भाई, एनएसयूआइ दिल्ली सर्वज्ञ भाई, का उल्लेख और धन्यवाद किए बिना कैसे रह सकता हूँ आप सभी के बिना यह संभव नहीं होता ।